परण्यो राते । आग्रह कराइ ॥ कर्म ॥ ८ ॥ इम सुणी शाह अती घबराया । निकल बाहिर भाई ॥ थारी बात अनोखी सुणने । कालजो थर्राई ॥ कर्म ॥ ९ ॥ करी प्रणाम चाल्या मदनजी । कहे भटने आइ ॥ मैं परण्यो छूं राते जाइ । राजकन्या तांइ ॥ कर्म ॥ १० ॥ सुणी आश्चर्य सहूजन पाया । देखे सिपाइ ॥ रूप तेज बुद्ध साहस पूरो । विस्मयते पाइ ॥ कर्म ॥ ११ ॥ भेद बात कोई नहीं जाणता । ते अब जाण्याइ ॥ राजकन्यासे करी अनीती। मोटो ए अन्याइ ॥ कर्म ॥ १२ ॥ पण अचंभो यह छे भारी। जरा न डर पाइ ॥ उपतीने योहाथे आयो देखो सुराइ ॥ कर्म ॥ १३ ॥ इम अनेक बातां करता । पकडी लेजाइ ॥ नगर रक्षक के पासे लाया । बात दी दरसाइ ॥ कर्म ॥ १४ ॥ कोतवाल फिर पूंछ्यो ते हने । तिमहीज सुणाइ ॥ तलवर पण आश्चर्य अतिपायो ॥ साचो ए जणाइ ॥ कर्म ॥ १५ ॥ खबर पहोंचाइ नृपने पासे । चोर जे पकडाइ ॥ आप कहो तो हाजर लांवा । हुकम ते कराइ ॥ कर्म ॥ १६ ॥ नृप कहे हम ऐसे दुष्टका । मुख न देखांइ ॥ परवारो बधस्थान ले जाइ । सूली दो चडाइ ॥ कर्म ॥ १७ ॥ नृप हुकम जाणी भट पासे । मदनने बन्धाइ ॥ मदन कहे क्यों बन्धो कहो तिहां । चालू हूं भाई ॥ कर्म ॥ १८ ॥ कणेर माल डाल गलेमें । रतांजणी लगाइ ॥ फूटो ढोल तस आगे बाजे । मशाणे लेजाइ ॥ कर्म ॥ १९ ॥ सहश्रागम जोवाने मिलिया । देखी विलखाइ ॥ मदन मनमें फिकर न किंचित । रह्या

मुख मुलकाइ ॥ कर्म ॥ २० ॥ पुण्य पसाये जोग वण्यो शुभ । ते सुणो चितलाइ ॥ ढाल पन्नरमी ऋषि अमोलक । कर्मगती गाइ ॥ कर्म ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ तिण अवसर धर्मजय ऋषि । करण चरण गुणधार ॥ मांस २ तपस्या करी । करे आत्म उद्धार ॥ १ ॥ कानंनमें सदा रहे । मांस लगे करे ध्यान ॥ पारणे आवे ग्राममें । लेइ शुद्ध अन्न पान ॥ २ ॥ संतोषे मनु देहने । पुनः जावे वन मांय ॥ इम हिज तिण दिन आविया ॥ मेहंदपुरीनें पाय ॥ ३ ॥ गोचरी वक्त हुई नहीं । जाणी रह्या तरुतल ॥ ज्ञान ध्यान में रम रह्या । मेरु परे अचल ॥ ४ ॥ तिण अवसर तिण मारगे । मदन सह परिवार ॥ आया अचिंत्य ते पेखतां ॥ दीठो मुनी दीदार ॥ ५ ॥ ढाल १६ मी ॥ श्री जिन आया हो सोरठ देश मझार ॥ यह० ॥ मुनिवर दीठा हो ॥ तब तिहां मदन कुँवार ॥ रोम २ हुलसित थया ॥ धन्य घडी महारी हो । दीठा दीनदयाल ॥ चरण धरण मन उमया ॥ १ ॥ तब तलवरने हो ॥ कहे थंभो इण ठाम ॥ दर्शन लेवूं गुरु राजना ॥ ते संग रहियो हो । आया ऋषिवर पास ॥ पहलीही कीजे धर्मकाजने ॥ २ ॥ सविनय वंदन हो । नमन कियो तीन वार ॥ कर जोडी ऊभा रह्या ॥ धन घडी म्हारी हो । अंत समय महाराय ॥ दर्शन दीठाजी सहू पापजगया ॥ ३ ॥ इम सुण वाणी हो ॥ साधु आश्चर्य पाय ॥ ध्यान पारीते इम उचरे ॥ अंतः समयो भाइ हो । किम

दाखो इणवार ॥ किम ए मनुष्य गम किहां चरे ॥ ४ ॥ मदनजी बीती हो । कही सहू साची जी बात ॥ जेजे पोते अनुभवी ॥ दया सागर हो । पर उपकारी महंत ॥ तेहने बचावा इम उचरे ॥ ५ ॥ सुणो कोतवाल जी हो । पामी मनु अवतार ॥ अकृत्य थी वारो आत्मा ॥ किंचित आयु हो । शेर आधा अन्न काज ॥ पापे बुडावो भ्रात मा ॥ ६ ॥ सहू जीव मांही हो । मोटो पचेन्द्री जाण ॥ मनुष्य हत्या हो जबरी घणी ॥ सर्व समयनो हो । सार दयाही वखाण ॥ जे उपजे हो हलुकर्मी भणी ॥ ७ ॥ अहिंसा लक्षणहो । परम धरम दया होय ॥ मरम पेछाणो धर्मनो ॥ वैर विरोधेहो । जीव नरक में जाय ॥ भारो बान्धीहो मोटो कर्म नो ॥ ८ ॥ जिन रीते बान्धेहो । जीव कर्म अजाण ॥ भोगवे तिम दश भवलगे ॥ ऋण नहीं छूटे हो ॥ कदी बदलो विन दीध । दृष्टांत जाणो ज्यों भरम भगे ॥ ९ ॥ खन्धक जीवे हो । तेरा क्रोड भव मांय ॥ सराइ काचरो चीरियो ॥ साधूने वेसेहो । तस भग्नीनोजी कंत ॥ चर्म उतारी बदलो लियो ॥ १० ॥ गजसुखमाले हो लाख निन्याणु भव मांय । शोक सूत रोट बन्धाविया ॥ सोमल सुसरे हो ॥ सिर धर्या खेर अंगार । कर्म काटी मोक्ष सिधाविया ॥ ११ ॥ इम घणा छे हो ॥ उदाहरण शास्त्रने माय । श्री मद्भागवत अध्याय तेरमें ॥ मांडव ऋषि हो । टीटोडी मारी कुशाग्र । सूली चडाया भव फेरमें ॥ १२ ॥ जीव हिंसाथी हो ॥ दालिद्री

१ जातेहैं

कुष्टि जी थाय । दोनु भवे संकट लहे ॥ इम सुणी कम्पो हो । दो भव दुःखथी हो भ्रात दया लावो हो जो निज हित चहे ॥ १३ ॥ जो कोइ देवे हो । दान सुवर्ण सुमेर । पृथवी भरीने हेम थी ॥ कोइ छुडावे हो । मरतो एकही प्राण दयाके ते तुल्ये नथी ॥ १४ ॥ जिम निज आत्मज हो । सदा जीवणो चहाय ॥ तिमहीज जाणो सहू प्राणिया ॥ जो पोतापे हो । कधी संकट आय ॥ तो घबरावे तिम सहू जाणिया ॥ १५ ॥ कोइक सहायक हो । होइ संकट बचाय ॥ किसो गिणो हो तुम ते भणी ॥ इम अंतरमें हो पेखो ज्ञानकी दृष्टि ॥ ए अवसरे आइ अणी ॥ १६ ॥ सुणी उपदेशज हो ॥ चमक्यो चित कोटवाल ॥ दीन दयाल धन्य आपने ॥ भलो बचायो हो । अनर्थथी मुज आज ॥ मरम जाण्योंजी धर्म पापनो ॥ १७ ॥ जाणी जोइ हो । नहीं करूं मोटो अकाज ॥ धर्म बान्धव मदन माहेरो ॥ आप पसाये हो । दीधो अभय एठाय ॥ उपकार मानां दोनूं थाँयरो ॥ १८ ॥ हिवे नहीं करस्यूं हो । कोइ पचेंन्द्रीकीघात ॥ ए प्रतिज्ञा मुजने खरी ॥ आज थी आपने हो ॥ मान्या मैं गुरु देव । धर्म दयामें देव जिनवरा ॥ १९ ॥ मदनजी लीधा हो । ते वेला पच्चखाण । पर नारीने जाणूं बेनडी ॥ तस मात तातज हो । खुशी थी मुजने परणाय ॥ तेहीज, मुज प्रिया धरा ॥ २० ॥ दोनों प्रतिज्ञा हो ॥ लीनी इम उत्सहाय । वंदणा करी दोनूं भावस्यूं ॥ मदन पसाये हो ॥ समकिती

१ सुवर्ण

२०

थया कोटवाल ॥ दया धर्मी उत्साहस्यूं ॥ २१ ॥ मुनी पधार्याहो । ग्राममें गौचरी काज ॥ तलवर मदन आगे चल्या । लौकिक राखण हो । मदन बन्धन मांय ॥ अंतस धर्म प्रेमे मल्या ॥ २२ ॥ धन्य २ मुनिवर हो ॥ करे मोठो उपकार ॥ मरण अणी थी उगारिया ॥ दोइने तार्या हो ॥ ढाल सोलमीरे माय ॥ अमोल वंदे गुण रागिया ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ थोडा दूरा जायने । सहू थी कहे कोटवाल ॥ देर घणी हुई मारगे । दिन थोडो रह्यो हाल ॥ १ ॥ आज घात नहीं होवसी । देख्यो जासी काल ॥ सहू जावो निज स्थान में । सहू गया होर खुशाल ॥ २ ॥ कोटवाल कहे मदन थी । सदगुरु प्रशाद ॥ दोनों भणी उगारिया । मेटी सहू विषवाद ॥ ३ ॥ हिवे जावो तुज वेगला ॥ फिरीन आवो ए ग्राम ॥ मदन कहे अवसर विना । नहीं आस्यूं इण ठाम ॥ ४ ॥ ए उपकार थांको हुयो । भवो भव न भुलाय । शक्ती आया फेडस्यूं ॥ इम कही मदन सिधाय ॥ ५ ॥ ढाल ११ मी ॥ उग्रसेन की लली ॥ यह ॥ देखो धर्म पसाय । पुण्य प्रबल जीव सब सुख पाय ॥ आं ॥ कोटवाल खुशी हुइ । गयो निज ठाम ॥ धर्म भेद जाणी ते पायो आराम ॥ देखो ॥ १ ॥ वक्त गुजर्या मारण । भूले पडी तेह ॥ सत्यजुग दयावंत । कुण लेवे छेह ॥ देखो ॥ २ ॥ धर्मध्यान नित्य कर । रहे कोटवाल ॥ इम तेहने सुखे तिहां । बीते काल ॥ देखो ॥ ३ ॥ हिवे मदन जी आया ।

वाग मझार ॥ गरुड निकाली । तसलियो सुघार ॥ देखो ॥ ४ ॥ हुइ सवार तब फेरी कल ॥ सग गग गगन में गयो ते चल ॥ देखो ॥ ५ ॥ रात्री पडया थी आया कुँवरीके मेहल ॥ सहेली रुदंती देखी । पूछे खेल ॥ देखो ॥ ६ ॥ तिणरे वीतक सहू । दियो दरसाय ॥ सुणीने पाछा फिर्या बिलखाय ॥ देखो ॥ ७ ॥ होण हार ते तो टाली । टले नाय ॥ प्रकाश करी जोइ । खाडी में जाय ॥ देखो ॥ ८ ॥ पतो नहीं लाग्यो पाछा । वाहिर आय ॥ श्रीपुर भणी चाल्या । मन समजाय ॥ देखो ॥ ९ ॥ पद्म खाती तणे । आया घेर ॥ उतरिया मदन जी । देखे चउ फेर ॥ देखो ॥ १० ॥ खाती खातणने । ते लागा पांय । दंपती देखी तस । घणा हर्षाय ॥ देखो ॥ ११ ॥ आवो २ प्यारा पूत । लीनो उठाय ॥ उरथी चांपी घणो । प्रेम जणाय ॥ देखो ॥ १२ ॥ दिन घणा किहां तुम । लगाया भ्रात ॥ तुम नहीं सांजे आया । हम घबरात ॥ देखो ॥ १३ ॥ रखे गरुड थी पडे । झोकज खाय ॥ ओलंभा दिया घणां ॥ कारीगरजी तांय ॥ देखो ॥ १४ ॥ लाय लागी पेट मांही । दुख्यो घणो मन ॥ रंग संग छूट्यो । नवी भायो अन्न ॥ देखो ॥ १५ ॥ आज मोटा भाग । पाया तुज दर्शन ॥ हृदय कमल हुयो । पेखी प्रसन्न ॥ देखो ॥ १६ ॥ मदनजी कहे । मेहंदपुर गयो मेय ॥ सुखमाहे रह्यो तिहां । लक्ष्मीदत्त गेह ॥ देखो ॥ १७ ॥ राजमाहें जातां । मुज लेगया संग ॥ राजकन्या

देखी मुज । होगइ दंग ॥ देखो ॥ १८ ॥ राते गुप्त परण्यो । प्राते जाणी नृप बात ॥ कोटवाल साथे भेज्यो । करवा घात ॥ देखो ॥ १९ ॥ साधूजी महाराज मिल्या दीनो छोडाय ॥ नाशीने गरुड चडी आयो इण ठाय ॥ देखो ॥ २० ॥ साची बात कही । मदन विस्तार ॥ कम्पितहृदय ते । पाम्या चमत्कार ॥ देखो ॥ ॥ २१ मीठी सीख देवे । नहीं कीजे एहवा काम ॥ इहां इज रहो । सहू पासो आराम ॥ देखो ॥ २२ ॥ सीख माजी मदनजी । रहे तिण घेर ॥ खाती खातीणरी भक्ती । करे बहु पेर ॥ देखो ॥ २३ ॥ पहले खंड पूरो हुयो । सतरे ढाल ॥ अमोलक कहे । मदन पुण्य विशाल ॥ देखो ॥ २४ ॥ ❀ ॥ प्रथम खन्ड सारांश हरीगीतच्छंद ॥ प्रथम खन्ड सम्मास मन्डन । वसुपति विदेशे गया ॥ मदन सरिता पूरे वहाइ । पद्म खाती घर रह्या ॥ गरुड चड महेंदपुर पतीनी । कन्या वर केदी थया ॥ मुनिराज साजे ऊगर्या । इत्यादि ए चरित्र कह्या ॥ १ ॥ ❀ ❀

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराजके सम्प्रदाय के बाल ब्रह्मचारी
मुनि श्री अमोलख ऋषिजी रचित पुन्यप्रकाश मदन श्रेष्ठी चरित्रस्य
प्रथम खन्डम् समाप्तम् ॥ १ ॥



॥ दोहा ॥ सिद्ध साधुको नमन कर । सिद्ध करनको काज ॥ द्वितीय खन्ड प्रारंभू दो शुद्ध बुद्ध को साज ॥ १ ॥ चंदपुरीमें ऊपन्या । चंदप्रभू महाराज ॥ चंदवरण प्रणमूं सदा ॥ सारो इच्छित काज ॥ २ ॥ चंचल स्वभावी जे नरा । ते तो स्थिर नहीं रेय ॥ जे करवा निश्चय कियो । उपाय करे ते तेय ॥ ३ ॥ श्रीपुरमें खाती घरे । रहे मदन कुँवार ॥ बैठा चैन पडे नहीं । करी कांइक विचार ॥ ४ ॥ फिरवा निकल्या शेहर में ॥ जोवे कोइ उपाय ॥ जेहथी इच्छित सिद्ध हुवे । देखे चित्त लगाय ॥ ५ ॥ विश्वेश्वर नामे तिहां ॥ कलाचार्य प्रवीन । राजपुत्र पढावतो । करीनें विद्या लीन ॥ ६ ॥ पाठकशालानें विषे ॥ छत्र बहुला आय ॥ मदन तिहां आइ खडा । जोवे दृष्टि लगाय ॥ ७ ॥ दो विभागते शाळना ॥ पट अंतर में डाल ॥ कुँवरी कुँवर भेगा भणें । राजकुलना बाल ॥ ८ ॥ तिणमें मतलब आपनो । होतो दीठो मदन ॥ चुप चाप फिर आविया खातीकेरे सदन ॥ ९ ॥ ढाल १ ली ॥ दया धर्म पावे तो कोइ पुण्यवंत पावे ॥ यह देशी मदन कुँवर निज कार्य साधनने । तुर्तही बुद्धि उपावे जी ॥ जिम कोइ ओलखवा नहीं पावे । तिम निज रूप पलटावेजी ॥ मदन ॥ १ ॥ मेला फाटा लीरा लटकता । वस्त्र धार्या निज अंगोजी ॥ राख रज मेल डीले लगाइ । बहु तरह लगायो रंगोजी ॥ मदन ॥ २ ॥ खाती खातण ए तमाशो जोइ । आपसे हँसवा लागा जी ॥ आज किस्यो ए

स्वांग बणायो । के भूत झोटिंग कोइ जागाजी ॥ म ॥ ३ ॥ हँसतो मदन कहे हूं गेलो । भूत देख भग जावे जी ॥ वे फिकर आप घर में विराज्यो । करूं जिम लेहर मुज आवे जी ॥ म ॥ ४ ॥ इम कही आया बजार के मांही । लोक देख आश्चर्य पाईजी ॥ गम्म जम्यों पूछे नाम तेहनो । ते 'मूर्ख' बतलाइ जी ॥ म ॥ ५ ॥ मूर्ख २ सहू बतलावे । ते बोले हर्षाइ जी ॥ हँसे कूदेने ख्याल बणावे । लोक भणी हँसाइ जी ॥ म ॥ ६ ॥ इम भमतो ते गया शाळमें । पंडितसे इम बोले जी ॥ मुजने भणावो तो शाबाशी ॥ कुण बुद्धवंत मुजबोले जी ॥ म ॥ ७ ॥ हँसी आचार्य भणवा बैठायो । दीधी हाथमें पाटीजी ॥ बोल भोले ते कहे हूं भोलो । पाटीपे पडि चीरांटी जी ॥ म ॥ ८ ॥ पाठक सहू सुण हँसवा लाग्या । सहूने लागे गमतोजी ॥ मूंडे लाग्यो पांड्याजीने । नित्य तिहां आइ रमतोजी ॥ म ॥ ९ ॥ जो कोइ तस काम भोलावे । जाणने समजे नाहींजी ॥ पांच सात वार तेह थी कह-वावे । फिर शीघ्र देवे निपाइजी ॥ म ॥ १० ॥ तेहथी सहूने प्यारो लागे । देवे जे ते मांगे जी ॥ सहूने सुहाती करे मस्करी । जिम जागे अनुरागे जी ॥ म ॥ ११ ॥ तिणही जागा रायनी पुत्री । नित्यप्रति भणवा आवे जी ॥ उपवय हुइ जोइ सचिव तनुजने । मनडो तास मोवावे जी ॥ म ॥ १२ ॥ नेण सेण करे तस सामें । जोवे धरीने कटाक्षो जी ॥ सचिव पुत्र देखी शरमावे । मेले नहीं तेहथी आँखोजी ॥ म ॥ १३ ॥ एकांत

मिलवा कन्या चावे । पण नहीं मिले ते जोगो जी ॥ डरतो नहीं मिले प्रधान पुत्तर । वैम धरसी कोइ लोगोजी ॥ म ॥ १४ ॥ कुँवरी पत्र देवण ने इच्छो । मनका भाव दरशा-वाजी ॥ तेतले मदन मूर्ख तिहां दीठो । एहथी करूं मुज चावाजी ॥ म ॥ १५ ॥ तत्क्षण तेहने पास बुलायो । ते शीघ्र दौडो आयो जी ॥ रे मूर्ख तुज नाम किस्यो छे । ते कहे तुम बोलायो जी ॥ म ॥ १६ ॥ किहां रहे ? फिरूं ग्राम के मांही । काम न किस्यो मुज तांइजी ॥ जे मिले ते रहू हूं खाइ । इम कही हँस्यो तिण ठाइ जी ॥ म ॥ १७ ॥ मैं कहूं ते काम तूं करसी ? । मूर्ख भर्यो हूंकारो जी ॥ तब प्रधान तनुज ने बतावे । इणरी ओलख धारो जी ॥ म ॥ १८ ॥ फिर पूंछे तूं भण्यो के ठोटी ? । ते कहे हूं तो ठोटीजी ॥ मूर्ख नाम बज्यो मुज तेहथी । सीधी मिलेछे रोटीजी ॥ म ॥ १८ ॥ इम सुणी कुँवरी खुश हुई मन । डर मिटायो मन केरोजी ॥ विश्वासी लालच देइ तिणने । प्रगट करे मन लेहरोजी ॥ म ॥ २० ॥ मैं बताया तिनने पेछाण्या । मूर्ख आ हाथ लगा-योजी ॥ एहीज छे प्रधानकुँवरजी । दोनों तब शरमायाजी ॥ म ॥ २१ ॥ गुप्त पत्र तब लिखियो कुँवरी । हूं मन थी तुमे चाहूंजी ॥ जरूर मिलो एकांते आइ । डरजो मत दरशावूंजी ॥ म ॥ २२ ॥ दियो मूर्ख ते गुप्त दे कुँवरने । बाहिर आइजी ॥ बांची हरष्यो मनके मांही । उत्तर पोते लिख्याइजी ॥ म ॥ २३ ॥ आइ बैठो प्रधानपुत्र कने ।

दूजी बातां बणाइजी ॥ तेहतो कछू भेदन पायो । मदन कुँवरी कने जाइजी ॥ म ॥ २४ ॥ निजहातको पत्र समर्प्यो । खोली तिणने बांच्योजी ॥ मैं पण चाहूं अवसरे मिलस्यूं । कुवरीनो मन राच्योजी ॥ म ॥ २५ ॥ तेतले छुट्टी हुई शाळकी । पोताना दफतर लेइ जी ॥ छात्र सहू निज २ घर पहोंचा । मदन पुरमें फिरेइजी ॥ म ॥ २६ ॥ बीजा खन्ड की प्रथम ढालो । कही अमोल रसालोजी ॥ देखो मदन कैसो परपंची । करे नव नव ख्यालोजी ॥ म ॥ २७ ॥ दोहा ॥ राज पुत्री तणी लगी । सचिव पुत्रस्यूं आँख ॥ ते जाणी पांडे तदा ॥ अंतर दृष्टी राख ॥ १ ॥ मोटा घरका दोइए । तरुण पणें मदमात ॥ इहां जो अकृत्य करे । होवे नाम मुज अस्त ॥ २ ॥ हिवे लालच छोडी करी । सीख देवुं दोइ तांय ॥ तो लज्जा रहे शाळकी । इम निश्चय चितठाय ॥ १ ॥ जुदा जुदा दोन्या भणी ॥ लेगय निज तात पास ॥ भण्यो गुण्यो बताइयो ॥ राय प्रधान हुल्लास ॥ ४ ॥ बक्सीस दी पण्डित भणी । पहोंचाया निज घेर ॥ निज निज स्थाने सुखी रहे ॥ राय प्रधाननी मेहेर ॥ ५ ॥ ढाल दूसरी ॥ पांडव पांचू वंदता । म्हारो मनडा मोयोजी ॥ यह ॥ रायपुत्री गुण सुन्दरी । प्रधान पुत्र वियोगजी ॥ तडफडती अतिमन विषे । हिवे किम वणे मिलवा जोग ॥ १ ॥ भविकजन सांभलो । बुद्धि पुण्य मदनका सवाय ॥ चतुर नर संभलो । बुद्धि० ॥ आ ॥ रूप वय बुद्धिसारखी । मुजसचिव तनुज हित

दायजी ॥ ते विन अन्य मने नहीं ॥ राज घरे दुःख घणो थाय ॥ चतुर ॥ २ ॥ शाकान परदा तणो । आसंजोगी दुःख होयजी ॥ वणिक घर रहतां थकां । मुज हुकम न उलंघे कोय ॥ च ॥ ३ ॥ मनहर वसे सदा मनमें । क्षणिक नाहीं भुलायजी ॥ ते पण इम चाइता हसे । करूं कांइक मिलण उपाय ॥ च ॥ ४ ॥ बीजो कांइ सूजे नहीं । मूर्ख्याने राखूं दासजी ॥ तिण हाथे पत्र मोकली । हूं तो पूरूं महारी आस ॥ च ॥ ५ ॥ रजा लेवा तात मातकी । ते तो आइ तब तिण पासजी ॥ प्रणमी पद उभीरही । ते कहे करो इच्छा प्रकाश ॥ च ॥ ६ ॥ साकहे मुज काज करणने । चाहिये छे माणस एकजी ॥ वस्तु मंगावू बजारथी । वली अन्य कार्य छे अनेक ॥ च ॥ ७ ॥ अरीविंद कहे तुज चाहिये । हूं रांखू तेतला दासजी ॥ कह तो भेजूं दरवारसे ॥ जे सदा रहे तुजपास ॥ च ॥ ८ ॥ मूर्ख भोलो एक नर अछे । अन्न वस्त्र लेइ रेयजी ॥ फरमावोतो राखूं तेहने । तब रायजी आदेश देय ॥ च ॥ ९ ॥ हर्षी जाइ निजघरे । भेजी दासी शाळरे मायजी ॥ मूर्ख्यो तिहां रमतो होसी । लावो तेह ने इहां बुलाय ॥ च ॥ १० ॥ मदन आयो शाळा विषे । राजपुत्री देखी नायजी ॥ पूंछे पण्डित थी तदा ॥ राय कुँवरी कहां महाराय ॥ च ॥ ११ ॥ काम करायो मुजथकी । पइसा आप्या चारजी । आज देवण तणो कह्यो । तेहथी मिलावो इणवार ॥ च ॥ १२ ॥ पण्डित कहे ते घर गइ । अब नहीं आवे इण ठाण जी ॥

चिन्ता हुई चित मदनने। अब किहां जोवूं ठिकाण ॥ च ॥ १३ ॥ बैठो बाहिर आयने । तब दासी आइ तस पासजी ॥ चल शीघ्र मूर्ख मुजसंगे। बाइ बोलवे रखवा दास ॥ च ॥ १४ ॥ कहे मदन हूं तब चलूं। चार पइसा मुजने अपायजी ॥ दासी हूंकारो भर्यो। साथे हुयो अतिहर्षाय ॥ च ॥ १५ ॥ नाचतो कुदतो मारगे। वली उडातो धूलजी ॥ चेटी जोइ चिंतवे। बाइ किन चाले लग्या भूल ॥ च ॥ १६ ॥ रायकुंवरी गोखे रही । मूर्ख आवंतो जोयजी ॥ खुशी हुई मनमें घणी । इण थी कारज म्हारो होय ॥ च ॥ १७ ॥ हर्षे बुलाइ कने लियो । दिया खावाने पक्वानजी ॥ कहे सदा तुम इहां रहो। तुज कह्यो करस्यू प्रमान ॥ च ॥ १८ ॥ मूर्ख कहे हूं रेवस्यू। जो खवासो ऐसा मिष्टान्नजी ॥ रातरा रहवो नहीं बने। मा बाप करे छे तान ॥ च ॥ १९ ॥ कुंवरी कहे नित्य आपस्यूं। माग्यो सरस मैं आहारजी ॥ रातरो काम न माहेरे। फक्त भुक्तावा समाचार ॥ च ॥ २० ॥ खुशी हुइ मदन रह्यो । करवा इच्छित कामजी ॥ दूजी ढाल दूजा खंडकी। कहे अमोल पूगे किम हाम ॥ च ॥ २१ ॥ दोहा ॥ गुणसुंदरि एकांत में। मूर्खने इम केय ॥ मुज मननी तुजने कहूं। ज्यों भेदन दूजो लेय ॥ १ ॥ मूर्ख सोगनखा कहे। नहीं तुम हुकमने बार ॥ कहस्यो सो कहस्यूं सही। नहीं कहा करूं उचार ॥ २ ॥ कुँवरी कहे प्रधान को। ओलखे छे तूं गेह ॥ मूर्ख कहे जाणुं अछुं। ते दिन

दाख्यो तेह ॥ ३ ॥ हां तेहीज कुँवर तणें । छाने जाइ पास ॥ ये पत्र लिखने देवूं । तूं गुप्त दीजे तास ॥ ४ ॥ दो तीनदा समजाइयो । तब भरियो हुंकार ॥ प्रेम पत्र लिखवा लगी ॥ गुणसुंदरी तेवार ॥ ५ ॥ ढाल ३ री ॥ मैं मुख देख्यो गोडी पारस को ॥ यह० ॥ देखो चतुरनर मदन परपंचने । करे है कैसो उपाय जी ॥ आं ॥ अहो प्राणेश्वर आप विरह थी । तरशे महारो तनजी ॥ परवश पणे हूं घरमें रही छूं । पक्षी ज्यों उडे मन जी ॥ देखो ॥ १ ॥ पांडयाजीने वैम पडयाथी । पहोंचाडी मुज गेहजी ॥ तुम मुज मन मन्दिरमां रमियां । कैसे निभावूं नेहजी ॥ देखो ॥ २ ॥ आज लगण दिल खोल बोल णरो । अवसर मिलियो नाय जी ॥ हिवणा बातनो छे कागदथी । सोधो कोइ उपाय जी ॥ देखो ॥ ३ ॥ दियो कागद मूर्खने हाथे । ते आयो जिन गेहजी ॥ वांचीने परमानंद पायो । उत्तर इणबिध देयजी ॥ देखो ॥ ४ ॥ तुम विरह मुज साल समाणे । खटके हिया मांय जी ॥ तुम उपाय बतावो ते करूं । मुजनें न सूजे उपायजी देखो ॥ ५ ॥ वंदी खामण कर धर्यो खीशे । नाणो लेकर मांय जी ॥ आयो राजपुत्रीनें पासे ॥ कूदतो हर्ष भराय जी ॥ देखो ॥ ६ ॥ कहे मुजने इनाम दियो ए । बुलायो नित्य एम जी ॥ कुँवरी उमाइ उत्तर किस्यो लायो । छे किस्यो मुजपे प्रेमजी ॥ देखो ॥ ७ ॥ मूर्ख कहे फरेब छे पूरो । कागद दीनो हाथ जी ॥ कह्यो एकांत जाइने वांचजो । मनमें राख

जो बात जी ॥ देखो ॥ ८ ॥ प्रेम पत्र ज्यो कुँवरी हुलसाइ । खोली हृदय लगाय जी ॥ मुक्तामाल सरीखा अक्षर । मतलबी शद्द जणाय जी ॥ देखो ॥ ९ ॥ सुभाग्ये मुज एहवा पतिमिले । जन्म जासी सुख मांय जी ॥ मुजने अंतःकरण थी चहावे । शीघ्र करूं हूं उपाय जी ॥ देखो ॥ १० ॥ इहां रह्यां मेलो नहीं होवे । रहणों प्रदेशे जाय जी ॥ तोमन मानी मजा भोगवां । पुनरपि पत्र लिखाय जी ॥ देखो ॥ ११ ॥ प्यारा प्रेम सदाइ निभाता । मात पिता प्रच्छन्न जी ॥ पर देशे चल सुख भोगवां । दाखावो आपको मनजी ॥ देखो ॥ १२ ॥ कर खामण दीधो मूर्खने । बांच्यो निज घर आय जी ॥ खुशी होइ ने उत्तर लिखियो ॥ युक्ती अजब मिलायजी ॥ देखो ॥ १३ ॥ मुज घर संपति तातने हाथे । पगथी नहीं चलाय जी । मोज मजा सब घनथी होवे । तेहथी सुणो चित लाय जी ॥ देखो ॥ १४ ॥ युगल अश्व चडवा ने चैये । खरचवा बहुलो धन जी ॥ चलवाको दिन कीजे कायम । किसे स्थान मिलन जी ॥ देखो ॥ १५ ॥ इण प्रश्न का उत्तर कारण । प्यासो छूं इणवार जी ॥ मनसा होवे तो दरशावो । तो होवूं हूं तैयार जी ॥ देखो ॥ १६ ॥ लेइ कागद नवी धोती ॥ आयो कुँवरी पास जी ॥ नाचे कूदे धोती बतावे । बक्सीस दिये खास जी ॥ देखो ॥ १७ ॥ और समाचार किस्या तूं लायो । तेतो पहलां बताय जी ॥ तब पत्र मेल्यो मुख आगल । प्रेमोत्सुख हो उठाय जी ॥ देखो ॥ १८ ॥

खोली बांची आनंद पाइ। पाछो देवे जवाब जी॥ धन तणी तो फिकर न करनी। लास्यूं तुरंग सिरे आव जी॥ देखो॥ १९॥ अन्धारी चउदस प्रहर राते। मिलसां कालीका स्थानजी॥ मूर्ख पत्र घर आइ बांची। हर्षायो आस्मान जी॥ देखो॥ २०॥ लिख्यो उत्तर तैयार हमेछां। लेइ मोहर कर मांय जी॥ पाछो कुँवरी पासे आइ। हँसतो दीनार बताय जी॥ देखो॥ २१॥ पत्र दियो कुँवरी लियो झबकी। बांची मन उमंगाय जी॥ उपाय करवा लागी चटपटी॥ तुर्त दूं साज सजायजी॥ देखो॥ २२॥ उपाय सहू जमायां मदन जी॥ ढाल तीसरी मांय जी॥ दूजा खन्डकी कही अमोलख। आगे सुणो चितलाय जी॥ देखो॥ २३॥ ❀॥ दोहा॥ गुण सुन्दरी घुडशालथी। अश्व दो उत्तम जोय॥ लाइ निज घर बान्धिया। मूर्ख हाथे सोय॥ १॥ गुप्त करे नित्य तेहनी। खान पान संभाल॥ मूर्ख पास करावे॥ निजरे निज निहाल॥ २॥ हेम जडित रत्ना तणा। गेणा नगदी धन्न॥ अल्प भार बहु मोलका। संग्रह कियो प्रच्छन्न॥ ३॥ त्रयोदशी ने पत्र लिख। मूर्ख हाथ पठाय॥ काल रातका निश्चय। आजो कालिका ठाय॥ ४॥ तुम आज्ञा प्रमाण मैं। कियो वंदोबस्त सब॥ पाछो उत्तर दे मदन। देरन म्हारे अब॥ ५। ढाल ४ थी॥ कुँवर अभय बुद्ध को भंडारी॥ यह०॥ मदन जी कलावंत भारी। निज कारज संपादन कारन। करे कैसी हुशियारी॥ आं॥

काली चउदश आइ जिण दिन। मदनजी विचारी ॥ आज निशा ये कुँवरी आवसी। कालीक दुवारी ॥ मद ॥ १ ॥ हूं पहली जा रहूं तिहां अब। करी सहू तैयारी ॥ धन्न माल ते बहुलो लासी। मुज कमी कछू नारी ॥ म ॥ २ ॥ खाती खातण ने पगलाग्यो। रखजो कृपारी ॥ थोडा दिनमें पाछो आस्यूं। काम छे इणवारी ॥ म ॥ ३ ॥ पुछ्या अट्टम सट्टम बताइ। आयोग्राम वारी ॥ सूतो सुखे कालिका सरणे। वाट जोतो नारी ॥ म ॥ ४ ॥ मेहल में कुँवरी अवसर जोइ। कीनी तैयारी ॥ गेणो नाणो भया तोबरे। वस्त्र श्रेयकारी ॥ मद ॥ ५ ॥ मरदानी सिरे पाव सज्यो तन। धामनी अतिकारी ॥ शस्त्र वस्त्र सज हुई अश्वपर ॥ कीनी सवारी ॥ म ॥ ५ ॥ गली गुंची गुप्त मार्ग फिरती। आइ गाम बारी। देवालय पासे ऊभी रही। मधुरी पुकारी ॥ म ॥ ७ ॥ चालो वल्लभ देरन करिये। पूरो इच्छा सारी ॥ हुकम प्रमाणें आइ ऊभी। नाथजी अबलारी ॥ म ॥ ८ ॥ सुणी मदन चुप चाप उठियो। आयो कुँवरी म्हांरी ॥ रीते घोडे आइ बैठो। बोल्यो न लगारी ॥ ९ ॥ आगल मदन पाछल कुँवरी। चाल्या आगारी ॥ कुँवर मन रींजावण कारण। कुँवरी उचारी ॥ १० ॥ दोहा छंद चोपाइ गूढार्थ। कह छे तेवारी ॥ पहेली में प्रश्नोत्तर पूंछे। बुद्धि देखाडी ॥ ११ ॥ मदन चिंतवे चुप्प रेवणो। इहां छे गुणकारी ॥ मून रह्यो कछु उत्तर न दे ॥ कुँवरी विचारी ॥ म ॥ १२ ॥ निशा घोर तम दीसे नांही।

१ रात्री

२ अंधारो

मार्ग चोर शाहारी ॥ न जाणे कोइ नेडो माणस । सुणे बोली यांरी ॥ म ॥ १३ ॥ ओलखी जा कहे राज सचिवने । केकोइ आगारी ॥ तो कोइ लारे आइ पकडले । करे ते खुवारी ॥ म ॥ १४ ॥ इम जाणी बुद्धिवंत कुँवर ए । रह्या मून धारी ॥ मैं मूर्खणी करूं छूं बड २ । विगर विचारी ॥ म ॥ १५ ॥ नेडो घोडो लेइने पूछे ॥ हुइ जिम इच्छारी । पाछो जवाब न आपे तबते । रही चुप्प धारी ॥ म ॥ १६ ॥ आज भाग धन म्हारा बाइ । तूठा कर्तारी बल बुद्धि वय रूप पुरंदर । पाइ भरतारी ॥ म ॥ १७ ॥ कोइक ग्रामें जाइ रहस्यूं । हो स्व इच्छारी ॥ इम अनेक तरंगा उपजे । ज्यों सिन्धूवारी ॥ म ॥ १८ ॥ कब दिन उगे कब मुख निरखूं । इम रही उमंगारी ॥ लारे २ अश्व चलावे । करती विचारी ॥ म ॥ १९ ॥ मदनजी चिंते दिन उगाथी । थासी मजारी ॥ फिरतो घर जावण नहीं पावे । थासे मुज प्यारी ॥ म ॥ २० ॥ ढाल ए दूजा खंडकी चौथी । अमोल उचारी ॥ विचार दोन्यारा सिद्ध होणको ॥ दिन छे बहुलारी ॥ मदन ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ उभय जणा एकण दिशे । शीघ्रते चाल्या जाय ॥ खाड पहाड उल्लंघता । साहस मन सवाय ॥ १ ॥ कार्य अर्थी मनुष्य ते । दुःख सुख गिणे न कांय ॥ दुःख ने सुख करी लेखता । कामी काम उमाय ॥ २ ॥ इच्छा अति सुख दर्श की । कुँवरीने मन मांय ॥ तेहना दुःख ने दाबवा । जाणे रवी दबाय ॥ ३ ॥ सध्या रंग जब

१ समुद्र लेहर

प्रगट्यो । कुँवरी अश्व कुदाय ॥ आगे आइ मुख प्रेक्षती ॥ जोइ मूर्ख घस्काय ॥ ४ ॥ वृक्ष शाख छेद्या थकां । जिम पडे धरणी आय ॥ तिम कुँवरी पडी अश्वथी । वे शुद्ध हुई मुरछाय ॥ ५ ॥ ढाल ५ मी ॥ आइरे पनोती जरा सिन्ध केरे ॥ ए० ॥ कुँवरी ने पडी देखनेरे । मदनजी आश्चर्य पायरे ॥ मुजने जोइ मुरजा गइरे ॥ चिंत्यो न मिल्यो इणने आयरे ॥ १ ॥ जोवो करामात मदनकीरे ॥ आं ॥ करे अचिंत्य उपायरे ॥ मूर्ख पणो नहीं पलटणोरे ॥ जिहां लग ए नहीं चहायरे जो ॥ २ ॥ दिशि विदिशी अवलोक नेरे । जलागार[1] तंतू भिजोयरे ॥ लेइ आयो । कुँवरी कनेरे । मुख पर छांट्यो तोयरे[2] । जो ॥ ३ ॥ पवन जोग सावध हुइरे । बैठी करत विलापरे ॥ हाय देव किस्यो करूंरे प्रगट्या पुराकृत पापरे ॥ जो ॥ ४ ॥ किणने धार्यो कुण आवियो रे । एतो मूर्ख सिरदार रे ॥ मनमोहन किहां रह्यारे ॥ जे देता नित्य समाचार रे ॥ जो ॥ ५ ॥ हिवे आगल किम थावसी रे ॥ जन्म कुँवांरेइ जायरे ॥ मननी इच्छा मनमें रही रे । हूं गइ पूरी छलाय रे ॥ जो ॥ ६ ॥ कुँवरीनें रोती देखनेरे । मदन बैठो आई पास रे ॥ मूर्ख पणो भजाव वारे ॥ रोवे ठस्की भरी श्वांस रे ॥ जो ॥ ७ ॥ मूर्खने रोतो देखनेरे । कुँवरीने आइ रीस रे ॥ किसो दुःख तुज जगतमांरे ॥ जिमतूं पाडे चीसरे ॥ जो ॥ ८ ॥ ठसका भरतोते कहेरे । मुज पण आयो रोजरे ॥ थांरा सुख थी मैं सुखी रे । तुम दुःख मुजने हो

१ सरोवर

२ पाणी

यरे ॥ जो ॥ ९ ॥ कुँवरी कहे रोवूं तुज भणी रे । किम लाग्यो मुज लाररे ॥ दगो करी किहां चल्यो रे । बोल्यो न पहली गवांररे ॥ जो ॥ १० ॥ ते कहे दगो सगो नहींरे । मैं छूं दुःखियो अपार रे ॥ मैं लार । नहीं लग्यो रे ॥ सुणो वीत्या समाचार रे जे ॥ ११ ॥ तुम मुज काले दिन छतांरे ॥ सीख दीवी घर जाणरे ॥ मुज घर ना पूछो सज्जनारे । मैं कह्यो कहाड्यो मुज हाण रे ॥ जा ॥ १२ ॥ सहु लडवा लाग्या मुज थकी रे ॥ कह्यो मुज मूढ शिरदार रे ॥ कोइ स्थान टिके नहींरे । जाव तिहां दे कहाडरे ॥ जो ॥ १३ ॥ कमावा ने कोडी नहीं रे । खावा दौडी आयरे ॥ मुफत में माल आवे नहींरे । निकली इहां थी क्योंनी जाय रे ॥ जो ॥ १४ ॥ कूटी कहाड्यो घर बाहिरे रे ॥ मैं करतो आर्त ध्यानरे ॥ कालीदेवी देवालयरे । सूतो जो एकांत ठाणरे ॥ जो ॥ १५ ॥ फिकर थी नींद आइ नहीं जी । जितरे थे आया तिण जागरे ॥ बोली मैं थाणी ओलखीरे । पायो सुख अथागरे ॥ जो ॥ १६ ॥ मैं जाण्यो बुलावा आविया रे । उठ आयो तुम पास रे ॥ तुम हुकुमें अश्वे चड्यो रे । साथ हुयो भर हुल्लास रे ॥ जो ॥ १७ ॥ अन्धारामें सूज्यो नहीं रे । तिण थी आयो इहां चाल रे ॥ तुम बड बड्या खाटी छाछ ज्यूंरे । म नहीं समज्यो सवाल रे ॥ जो ॥ १८ ॥ तो उत्तर किस्यो देवूंरे । मैं जाण्यो चितारे अभ्यास रे ॥ महारो दगो दीठो किस्यो रे ॥ ते तो करो प्रकाश रे ॥ जो ॥ १९ ॥

कुँवरी सत्य जाण्यो सहू रे। करे अती पश्चाताप रे॥ थारो अवगुण इणमें नहीं रे। म्हारा प्रगट्या पापरे ॥ जो ॥ २० ॥ चौरी करी मैं मात तातनीरे। तेहथी पामी ए दुःखरे ॥ रजक[1] श्वान जिसी थइरे। किणने देखांडू मुखरे ॥ जो ॥ २१ ॥ रात होती तो पाछी जावतीरे ॥ हिवे तो नहीं जवायरे ॥ किस्यो लिख्यो छे मुज दैवमेंरे। भोगवूं ते हिवे हायरे ॥ जो ॥ २२ ॥ इत्यादी ॥ आरत करेरे। गुणसुन्दरी ते वाररे ॥ बीजा खंड की पांचमीरे। अमोल ढाल उच्चाररे ॥ जो ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ गुण सुन्दरी चित चिंतवे। इहां रोयां स्यूं थाय ॥ ए मूर्ख शिर शेवरो। दुःख सुख समजे नाय ॥ १ ॥ गइ वक्त आवे नहीं। करूं आगे को उपाय ॥ नशीबे मूर्ख्यो लिख्यो। मोहन क्यां थी आय ॥ २ ॥ धिक् २ महारी बुद्धिमे। धिक् २ मुज अवतार ॥ छूट्यो राज सज्जन सहू। हुई हूं तो निराधार ॥ ३ ॥ हिवे किणहीक ग्राम में। एकांत स्थानक जोय ॥ रही जिंदगी पूरी करूं ॥ इण आधारे मोय ॥ ४ ॥ इम निश्चय करने कहे। चाल जिहां तुज मन ॥ कृत्य कर्म फल भोगवी। इमहीज होसी मरन ॥ ५ ॥ ढाल ६ ठी ॥ बडे घर ताल लागीरे ॥ यह ॥ सुणो भाइ मदन कहानी जी ॥ कलावंत गुणकी खानी जी ॥ आं ॥ चालतां २ आवियो जी। पुर पयठाण सुस्थान। गढ मढ मेहल थी शोभतो जी। मनोहर अइठाण ॥ सु ॥ १ ॥ शुभ मुहूर्त तिहां पेसियाजी। रायकन्या शरमाय ॥

१ धोबीका कुत्ता

तंतू थी अंग ढांकने । मदननी लारे जाय ॥ सु ॥ २ ॥ मध्य बजारे आवियाजी । लोक बहु मिल्या जोय ॥ विके जागा पंच खंडनी । मोल घणो न लेवे कोय ॥ सु ॥ ३ ॥ मदन तिहां उभा रह्या जी । कुँवरी थी पूंछे एम ॥ कहो तो ए जागा लेवू । सब बातरो पावसो क्षेम ॥ सु ॥ ४ ॥ कुँवरी मुद्रा दी तेहने जी । बेंची जवेरीने जाय ॥ चाहिता दाम लेइ करी । बच्या ते जमा कराय ॥ सु ॥ ५ ॥ मोल लीवी तेह जायगाजी । शुभ मुहूर्ते ते वार ॥ छेली मजले सुंदरी ने । सुखथी दी बैठाय ॥ सु ॥ ६ ॥ जे माल कुँवरी मंगाइयो जी । ते तुर्त दियो लाय ॥ दास दासी राख्या घणा । जे पोतानें आया दाय ॥ सु ॥ ७ ॥ सवाइ नौकरी दीवी सबने । सहूने एकांते लेय ॥ मधुर वयणे शिक्षा दिये । वली लालच अधिको देय ॥ सु ॥ ८ ॥ काम करजो इच्छा जिसो । रह जो तस हुकमरे मांय ॥ महारी बात तिण आगलें । किंचित ही करनी नाय ॥ सु ॥ ९ ॥ सोगन करा पक्की करी । फिर आया दूजे मजल ॥ बैठक राखी आपणी । जिहां कुँवरी न आवे चल ॥ सु ॥ १० ॥ थापण राखी रकम थी जी । लाया सिरे पोशाक ॥ ग्रहणा वस्त्र ओपता जी । देव सरीखा पाक ॥ सु ॥ ११ ॥ दोय दास साथे लेइ जी । आय जवैरी बजार ॥ मौकाकी दुकान देखने । भाडे लिवी ते वार ॥ सु ॥ १२ ॥ गादी तकिया जमाविया जी ॥ राख्या मुनीम हुशियार ॥ माल घणो खरीदियो । सहू शोभा

करी श्रेकार ॥ सु ॥ १३ ॥ महिमा फेली शेहर में । कोइ आया जवैरी कुँवार ॥ छे बहुला धननो घणी ॥ वली निघा बाज सिरदार ॥ सु ॥ १४ ॥ बहोत्तर कला मैं सीखिया जी जवैरातनी पैछाण ॥ तिण जोगे पुन्य प्रबलेजी जमी चौखी दुकान ॥ सु ॥ १५ ॥ एकही मुद्रा करोडनी जी । धन कमी नहीं कोय ॥ द्रव्य तिहां सर्व संपजे जी । पोलो हाथ जग मोहय ॥ सु ॥ १६ ॥ दुकान थी आइ निज घरे जी । दूजी मजलके मांय ॥ सेठ तणो वेश परहरी । लेवे मूर्ख स्वांग बणाय ॥ सु ॥ १७ ॥ पंचम महाले कुँवरी आगे । अचाणक पडे आय ॥ गेलायां करे घणी । पोते हँसने तास हँसाय ॥ सु ॥ १८ ॥ भोजन मांगे पेट हणी ने । ते धरे सन्मुख लाय ॥ शाक पेहली आरोग ले । पाछे रोटी जावे खाय ॥ सु ॥ १९ ॥ घडी दोघडी तिहां रही ॥ इम ख्याल करे बहु पेर ॥ दौडीने नीचा उतरी ते । अछा वस्त्र ले पेहर ॥ सु ॥ २० ॥ उत्तम भोजन खाय ने जी । आइ चलावे दुकान ॥ उत्तम ज्ञानकी पुस्तकां जी । देवे कुँवरीने आन ॥ सु ॥ २१ ॥ कहे तुमतो तुमारे घरे नित्य । पढता ऐसी किताब ॥ तेहवी मिलती लाइ दी । हूं तो नहीं समज्यूं साब ॥ सु ॥ २२ ॥ यों बात भोल पे डालने जी । कुँवरी ने कामें लगाय ॥ इम सुखे काल अतिक्रमें । ढाल छट्टी अमोलक गाय ॥ सु ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ तिण अवसर कोइ देशथी । जोहरी माल बहु संग ॥ आया ते पयठाणपुर ।

व्यवसाये धर रंग ॥ १ ॥ मकरकेतू महीपाल ने । नमी नजराणो कीध ॥ सत्कारी नृपतेहने । योग्यस्थान तस दीध ॥ २ ॥ माल बतायो भूपने । मुक्ता फल बहु तेज ॥ विविध वरण अवलोकी ने । बूध्यो नृपनो हेज ॥ ३ ॥ दो दाणा नृप छांटिया । पूछे तेह नो मोल ॥ सवाक्रोड तिण उच्चर्या । अटल एकही बोल ॥ ४ ॥ आश्चर्य पाइ राजवी । ग्राम जवैरी बुलाय । देशां मोल चौकस करी । जे सहू जन ठेहराय ॥ ढाल ७ मी ॥ तावडा धीमो सो पडजे ॥ यह० ॥ दीपती मदननी पुन्याइ जी ॥ दी० ॥ मुक्ताफळकी साची कीमत । करी सभामांही ॥ आं ॥ सामंत साथे शाह बुलाया । जवेरी कह वाइ ॥ नृप भेटने सज्ज थया सहू । मनमें हर्षाइ ॥ दी ॥ १ ॥ मदन अने पुरना सहू जोहरी । हिल मिल चाल्याइ ॥ आया सभामें नम्या नृपने । नम्र अति थाइ ॥ दी ॥ २ ॥ सत्कारी सहू ने वेसाया । तिहां योग्य ठाइ ॥ मोती ताशक धरी तस सन्मुख । ते दोइ मिलाइ ॥ दी ॥ ३ ॥ इणमैंथी उत्तम जोडी एक । कहाडी दो मुज तांइ ॥ साचो मोल विचारी कीजो । सहू बुद्धि मिलाइ ॥ दी ॥ ४ ॥ मोटा २ जौहरी बैठा । करवा परीक्षा तांइ दूरा बैठा जोवे मदनजी । सूक्ष्म दृष्टि ठाइ ॥ दी ॥ ५ ॥ तेहीज दोनों मोती छांट्या । दीना भूप तांइ ॥ उत्तम थी उत्तम ए स्वामी । हम निजरे आइ ॥ दी ॥ ६ ॥ जे नृप पहलां छांट्या हूंता । तेहीज दिठाइ ॥ खुशी हुइ शाबासी दीनी । कीमत कहो भाइ

१ मोती

३०

॥ दी ॥ ७ ॥ परीक्ष कहो छे दोनूं सारीखा । के कांइ जुदाइ ॥ दीर्घ बिज्ञाने जोया सहू जन । इणपर दरसाइ ॥ दी ॥ ८ ॥ ए दोनूं सम सीप तनुज छे । फरक नहीं कांइ ॥ सवा क्रोडनी कीमत दीसे । दीजे जै इच्छाइ ॥ दी ॥ ९ ॥ मदनजी बैठा मून धरीने । जरा न बोल्याई ॥ विन बोलायां उत्तम नरतो । दाखे न चतुराइ ॥ दी ॥ १० ॥ इम जोइ राजेश्वर चिंते । ए दीसे सुगुणाइ ॥ इनकी मती सहू थी है वेगली । पूछां इण तांइ ॥ दी ॥ ११ ॥ सहू सेठने पूंछे भूधव । ये कोइ नवाइ ॥ किहां थी आया किस्यो करे छे । बोले किम नाहीं । दी ॥ १२ ॥ वृद्ध जवैरी कहे नरमाइ । प्रदेशी आयाइ ॥ जवैरातरो धंदो इणरो । हिवणा जम्याइ ॥ दी ॥ १३ ॥ बुद्धवंत धनवंत इण सम । पुरमे न देखाइ ॥ कम सवाली छे शरमालू । तिणथी न बोल्याइ ॥ दी ॥ १४ ॥ धराधिप तब दोनों मोती । मदनने दीधाइ ॥ करी परीक्षा कीमत दाखो । जे तुमें जणाइ ॥ दी ॥ १५ ॥ मदन कहे सहू वध पुरुष हैं । साचीज फरमाइ ॥ मैं बालक अधिको सी जाणू । भेद न इण मांही ॥ दी ॥ १६ ॥ अने वृद्धने आगे बोलतां । अशातना थाइ ॥ सहू फरमावे तेहीज कीजे । ये मुज इच्छाइ ॥ दी ॥ १७ ॥ इम सुणी राय शंकित हुयो । भेदज दिखाइ ॥ अतिआग्रह कर पूंछे नरवर । कहो जे जणाइ ॥ दी ॥ १८ ॥ जुदा कपाले जुदि है बुद्धी । न मोंटा छोटाइ ॥ सहू जवैरी कहे कहोजी । खुशी हम सगलाइ ॥

दी ॥ १९ ॥ सहूनी रजाले कहे मदनजी । मुज जे सुज्याइ ॥ एक ए मोती छे जी अमोलक । दूजा निकमाइ ॥ दी ॥ २० ॥ सुणी रायजी आश्चर्य पाया । ढाल सात मांइ ॥ ए तो मनुष्य दीसे करमातती । अमोल ऋषि गाइ ॥ दी ॥ २१ ॥ दोहा ॥ सुणी वाणी इम मदनकी । सहू शाह भया उदास । ईर्षा लाइ इम कहे । आपो जमावे खास ॥ १ ॥ बात कियां थी स्यूं हुवे । दो प्रत्यक्ष बताय ॥ ए अमूल्य ए कोडीनो । कीमत किण गुण पाय ॥ २ ॥ मदन कहे साची कही । एमाविचनीं रीत ॥ बालकने सुधारवा । धारे नारेली प्रीत ॥ ३ ॥ आज्ञा लेइ आपकी । मैं प्रकाशी बात ॥ तैसेही कर दाखवुं । सहू समक्ष साक्षात् ॥ ४ ॥ निकमो मोती बींदता । फूटसी ए तत्काल ॥ तीजा पडमां रेत छे । जोवो सहू कृपाल ॥ ५ ॥ ढाल ८ मी ॥ मथुरा आवी साधवी । हेक सजनी ॥ यह ॥ इम सुण वाणी मदननी ॥ हेके साजन ॥ सहूजन आश्चर्य पाय ॥ बात करे ज्ञानी जिसी । हेके राजन ॥ जोयां परतीत आय ॥ के चतुरां सांभलो ॥ हेके साजन ॥ मदन बुद्धि प्रत्यक्ष ॥ आं ॥ १ ॥ अतीचतुर सिकलीगिरा ॥ हेकेसा० ॥ राजा लिया बुळाय ॥ कहे छेदि इण मोतीने ॥ हेकेसा० ॥ जिम फूटवा नहीं पाय ॥ के ॥ चतु ॥ २ ॥ तो इनाम देस्यूं घणो ॥ हेकेसा० ॥ कारीगर हर्षाय ॥ विविध मशाला लगायने ॥ हेकेसा० ॥ सार ऊपर चडाय ॥ ॥ केच ॥ ३ ॥ चतुराइ कीनी घणी ॥ हे० ॥ पण खंड्यो तत्काल ॥

१ ऊपर
ऊण अंदर
नरम

सिकलीगर मुख ऊतर्यो ॥ हेके ॥ हर्षा तब नृपाल केच ॥ ४ ॥ ले रूपानी थालीमें ॥ हेकेसा० ॥ जोया पड उघाड ॥ बालू तृतिया पडमें ॥ हेकेसा० ॥ निकली देखी काहाड ॥ के च ॥ ५ ॥ आश्चर्य पाया सहूजणा ॥ हेकेसा० ॥ नृप कहे शाबास ॥ साचा जवैरी ए सही ॥ हेकेसा० ॥ सभाजन करे प्रकाश ॥ केच ॥ ६ ॥ राजेश्वर कहे मदनने ॥ हे केसा० ॥आश्चर्य मोटो एह ॥ रेती किम मोती विषे ॥ हे केसा० ॥ दाखो कारण तेह ॥ केच ॥ ७ ॥ नरमाइ मदन भणे ॥ हे केसा० ॥ अवधारो महाराज ॥ मुक्ताफल नी उत्पती । हेकेसा ॥ होवे पांच जगाज ॥ केच ॥ ८ ॥ चक्रवती राजा तणी ॥ हेकेसा ॥ पत्नी श्रीदेवी होय ॥ पुत्र न होवे तेहने ॥ हे केसा ॥ मोती प्रसवे सोय ॥ केच ॥ ९ ॥ जातीवंतज वंशनी ॥ हेकेसा ॥ गांठ में मोती थाय ॥ तीजा उत्तम नागनीं ॥ हेकेसा ॥ फण में मोती पाय ॥ लेच ॥ १० ॥ मयंगल[1] उत्तम मस्तके ॥ हेकेसा० ॥ मोतीनो भंडार ॥ ए चउस्थान किंचित मिले ॥ हेकेसा० ॥ इण हीज जगत मझार ॥ केच ॥ ११ ॥ पंचमी जग प्रसिद्ध छे ॥ हेकेसा० ॥ सीप तणी पैदास ॥ तिणमें पण जाती घणी ॥ हेकेसा० ॥ करी ग्रन्थ प्रकाश ॥ केच ॥ १२ ॥ हिवे इणमें रेती तणो ॥ हेकेसा० ॥ कारण देउं बताय ॥ स्वांति नक्षत्र वसती ॥ हेकेसा० ॥ सीप जलवर आय ॥ केच ॥ १३ ॥ तिण अवसर कोइ पक्षियो ॥ हेकेसा० ॥ सागर बर उडजाय ॥ घन[2] बूठे तिण ऊपरे ॥

१ हाथी

२ बर्षाद बरषे

हेकेसा० ॥ नीचे पडे रडकाय ॥ केच ॥ १४ ॥ ते झेले कदा सीपडी ॥ हेकेसा० ॥ तेहनो मोती थाय ॥ पक्षी पाँखनी रज ते ॥ हेकेसा० ॥ मोती पडमें रहाय ॥ केच ॥ १५ ॥ इत्यादि संजोग थी ॥ हेकेसा० ॥ इणमें रहगइ रेत्त ॥ हे ए उत्तम जातीनो ॥ हेकेसा० ॥ पण संग बिगड्यो पेत ॥ केच ॥ १६ ॥ बिंद्याविन ए शोभतो ॥ हेकेसा० ॥ बींद्या प्रगट्या गुण ॥ गुरु गमे जे विद्या गृह ॥ हेकेसा० ॥ तेहीज जगमें निपुण ॥ केच ॥ १७ ॥ इण कारण इण मोतीने ॥ हेकेसा० ॥ मैं निकमो कह्यो नाथ ॥ रूप देखी मैं राचिये ॥ हेकेसा० ॥ परखी जे गुणजात ॥ केच ॥ १८ ॥ क्षमा करीयो सहू जेष्ट जन ॥ हेकेसा० ॥ लोपी आपकी वाण ॥ सहू कहे धन्य छे तुम भणी ॥ हेकेसा० ॥ कीधी खरी पहछान ॥ के ॥ १९ ॥ नानी वय यह चातुरी ॥ हेकेसा० ॥ निजकुलमें अवलोक ॥ खुशी हुवा हम अति घणा ॥ हेकेसा० ॥ बधसी आगल जोख ॥ केच ॥ २० ॥ मदन दीस बुद्धि करी ॥ हेकेसा० ॥ सहूनें वंशमें कीध ॥ बीजे खंड ढाल आठमी ॥ हेकेसा० ॥ कही अमोल भलीबिध ॥ केच ॥ २१ ॥ दोहा ॥ प्रमुदित नरवर भणें । अहो श्रेष्टी सिरदार ॥ एक तणी परीक्षा करी ॥ दूजानी करो उचार ॥ १ ॥ अमूल्य ए किण कारणें । इसो एमा सीं गुण ॥ ते हिवे शीघ्र प्रकाशिये ॥ अहो जवैरी निपुण ॥ २ ॥ मदन कहे राजा भणी । दूं यश गुण बताय ॥ हिवणा तो अवसर नहीं । चउ संजोग जब थाय

॥ ३ ॥ द्रबे रूप घट नीर भर । क्षेत्र ऊंच अछांय ॥ काले शरद पूनम निशी । भावे पुण्य सवाय ॥ ४ ॥ सुणी भूपतव खुशी हुवा । मिलशी सहू संजोग ॥ ठेरावो वैपारीने ॥ देइ सहू सुख भोग ॥ ५ ॥ ढाल ९ मी ॥ भवियण भाव सुणो ॥ यह ॥ राजाजीने मदन जवैरी । दोन्यारी प्रीती घणेरी हो ॥ पुण्यना फल मीठा ॥ बहुवार मदनने बुलावे ॥ ए कीने बात वणावे हो ॥ पुण्यना फल मीठा ॥ १ ॥ इम करतां शरद पूनम आइ । तब नृप कहे जवैरी तांइ हो ॥ पुण्य ॥ मुक्ताफल गुण देखाडो । तुम मननी कूंचीं काहाडो हो ॥ पुण्य ॥ २ ॥ कहो ते वस्तु मंगावूं । कहो ते साज जमावूं हे ॥ पुण्य ॥ कहे जोहरी आजरी राते । मोती गुण थासी विख्याते हो ॥ पुण्य ॥ ३ ॥ तांबाना पत्रा मंगाइ । देवो चांदणी उंची मां बिछाइ हो ॥ पुण्य ॥ रज मेल कलंक हरीजे । बरोबर शुद्ध जाय पाथरीजे हो ॥ पुण्य ॥ ४ ॥ सहू मध्ये रजत[1] घट मेलो । स्वच्छ सुघाट उदक[2] भरलो हो ॥ पुण्य ॥ इम सामग्री जमवावो । इष्ट पूरसी आपणो उमवो हो ॥ पुण्य ॥ ५ ॥ जेजे मदन बताइ । राय ते ते सहू कराइ हो ॥ पुण्य ॥ तब अस्त थया दिन राया ॥ नृप मदनना मन उमाया हो ॥ पुण्य ॥ ६ ॥ दोनों आया आकाशी मांइ । सहू दरवज्जा बंध कराइ हो ॥ पुण्य ॥ सुखासन त्या बिछाइ ॥ दोनों आनंद घर निसीजांइ[3] हो ॥ पुण्य ॥ ७ ॥ बुद्धी गुण बृद्धी मांड्यो ख्यालो । जेहथी

२ पाणी

३ बैठे

१ चांदीव

२ चंद्र

प्रमादको होवे टालो हो ॥ पुण्य ॥ पूनम पूरा चांद प्रकाश्या । भूमी व्याप्त तम सहू न्हास्या हो ॥ पुण्य ॥ ८ ॥ जिम २ शशी ऊंचो आवे ॥ तिम २ सौम्य प्रकाश बडावे हो ॥ पुण्य ॥ कांतीजमी मोती पे आइ । दोन्यारी एक जोती थाइ हो ॥ पुण्य ॥ ९ ॥ तब मोती बधतो देखावे । जिम २ इन्दू उच्चज आवे हो ॥ पुण्य ॥ मध्य अंतालिखे जब आवे । मोती कुम्भप्रमाणे देखावे हो ॥ पुण्य ॥ १० ॥ तब तिण माहे थी पाणी छूटो । जाणे बेवण लागो घडो फूटो हो ॥ पुण्य ॥ ताम्रपत्र पे बहाये । तेहने शीतल वायु फेलायो हो ॥ पुण्य ॥ ११ ॥ तब मदनजी अवसर जोइ । ते घडो सरकाइली धोइ हो ॥ पुण्य ॥ तब मूल रूपे मोती थइयो । नृप मन आश्चर्य भइयो हो ॥ पुण्य ॥ १२ ॥ तब जवैरी कहे राय तांइ । रात्र बहु गई निद्रा आइ हो ॥ पुण्य ॥ दोनों सूता तिण ठामो । सुखे निद्रा आइ जामो हो ॥ पुण्य ॥ १३ ॥ निशा व्यतिक्रान्त थाइ । दिनकर तब प्रगटाइ हो ॥ पुण्य ॥ जागृत हुवा ते जामो ॥ मदन अने नरस्वामी हो ॥ पुण्य ॥ १४ ॥ जोवे चांदणी मांइ । सब पीली २ देखाइ हो ॥ पुण्य ॥ नरवर आश्चर्य पाया । ताम्रपत्र लिया करम यां हो ॥ पुण्य ॥ १५ ॥ उत्तम कंचन जोइ । अति हियडे हर्षित होइ हो ॥ पुण्य ॥ मदन कहे नरमांइ । एतो एकही गुण देखाइ हो ॥ पुण्य ॥ १६ ॥ एहवा गुण छे एमा सोला ॥ ते किम जाणे नर भोला हो ॥ पुण्य ॥

१ अंधारा

३३

३ रात्री

मैं सीख्यो गुरु पासे । ते आप आगे करूं प्रकाशे हो ॥ पुण्य ॥ १७ ॥ पांचो इन्द्रियना रोग गमावे । स्थावर जंगम विष नशावे ॥ हो पुण्य ॥ पांचो स्थावर उपद्रव टाले ॥ क्षुद्र जीवनो जोर न चाले हो ॥ पुण्य ॥ १८ ॥ स्त्री शत्रु मोहवावे । सहु इष्ट कार्य सिद्ध थावे हो ॥ पुण्य ॥ ते कारण अमोलक एह । बहू पुण्य संचित जन लेह हो ॥ पुण्य ॥ १९ ॥ इण कारण इने गुप्त राख्यो । भरी सभानें भाव न भाख्यो हो ॥ पुण्य ॥ इणने बहु यत्ने संग्रही जे ए भेद न किणने दीजे हो ॥ पुण्य ॥ २० ॥ कीमत मांगे तेहथी दूनी दीजे ॥ वली तेह कहे सो कीजे हो ॥ पुण्य ॥ पण इणने मती गमावो । दुर्लभ्य ए जगमां पावो हो ॥ पुण्य ॥ २१ ॥ ए दूजे खन्डे सुखदाइ ॥ ढाल नवमी अमोलक गाइ हो ॥ पुण्य ॥ देखो बुद्धि मदनजी केरी । आगे पुण्याइ फेले घणेरी हो ॥ पुण्य ॥ २२ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ मदन जवैरी जे कह्या ॥ चन्द्र कान्तका गुण ॥ ते सहु धार्या रायजी । जाण्या मदन निपुण ॥ १ ॥ मंत्री ऐसा चाइये । म्हारा राज मझार ॥ तो फिर मुज कोइ कामकी । फिकर न रहे लगार ॥ २ ॥ इम निश्चय मनमें कियो । वृधी अधिकी प्रीत ॥ सीक दीवी मदन भणी ॥ वसिया ते नृपचित ॥ ३ ॥ बुलाया शीघ्र आवजो । छे तुमथी बहु काम ॥ राते जे कोइ दुःख हुयो । तेक्षमजो गुण धाम ॥ ४ ॥ नमन करीने मदनजी । पहोंचा निज हुकान ॥ खुशी हुवा मन में घणा ।

जेफली निज जवान ॥ ५ ॥ ढाल १० मी ॥ तूंहीर याद प्रभू आवेरे दर्दमें ॥ यह ॥ मदन कुँवरजी पुण्य का दरिया । निर्मल बुद्धिसे यशः विस्तरिया ॥ आं ॥ पूरी मंडले नृप सभा भराइ । सचिव सामंत सहू भेला करिया ॥ म ॥ १ ॥ सभा मंडपे अच्छा विछोणा बिछाया । और ठाठ पाट सहू श्रृंगारिया ॥ म ॥ २ ॥ सहू सुणी उमाया झट पट आया । आज किसे काम दरबार भरिया ॥ म ॥ ३ ॥ यथायोग्य बैठा आसण आइ नृपती शोभे ज्यूं सिंह केसरिया ॥ म ॥ ४ ॥ देवसभासम ते रही दीपी । राज बल तेज जो अरी[1] जाय डरिया ॥ म ॥ ५ ॥ मोटा सन्मान थी मदन बुलाया । सामा भेज्या हय[2] घेवारिया[3] ॥ म ॥ ६ ॥ ठाट पाट जाइ लाया जवैरी तांइ । ते पण आया हर्ष उरभरिया ॥ म ॥ ७ ॥ नृपादि सहू आदर दीधी । नम्र वयणे अति सत्कारिया ॥ म ॥ ॥ ८ ॥ पोताने पास नृप मदन बैठावे । न बैठे जवैरी उभा नमी ठरीया ॥ म ॥ ९ ॥ राय कहे म्हारे तीन सौ प्रधानो । पण इणसम नहीं एक अवतरीया ॥ म ॥ १० ॥ तिण कारण ए तीन सौ ऊपर । प्रधानपदका दीधा जरीया ॥ म ॥ ११ ॥ मोहर स्मरपी ऊपर बैठाया । रायजी हुकममें मदन अनुसरीया ॥ म ॥ १२ ॥ मदन कहे हूं नहीं पद जोगो । पण हिवे किम जावे ना उचरीया ॥ म ॥ १३ ॥ जैसा बढाया वैसाही चडाया । निभालेसी नृप होइ मुज दरीया ॥ म ॥ १४ ॥ नमन करी बैठा सचिव आसने । सज्जन

१ शत्रू
२ हाथी
३ घोडे

जनना हृदय ठरीया ॥ म ॥ १५ ॥ हर्षानन्दकी बटी बधाइ । दुशमणनो हृदय आगे जरीया ॥ म ॥ १६ ॥ मुक्ताफलना वैपारी बुलाया । पास बैठाया नृप प्रेम घणा धरीया ॥ म ॥ १७ ॥ कहो मोतीनी कीमत भाइ । नीतीवंत तब इम उच्चरीया ॥ म ॥ १८ ॥ एकनी कीमत सवाक्रोड दीनार । शीघ्र दिरावो अब जावां हम घरीया ॥ म ॥ १९ ॥ राय कहे फूटा मोतीको कांइ लो । ते कहे फूटो गयो तेतो कचरीया ॥ म ॥ २० ॥ सत्यवंत संतोषी जोइ राय हर्ष्या । मदनने कहे देवावो जोग चरीया ॥ म ॥ २१ ॥ तब सचिव कहे सुणो विदेशी भाइ । अमूल्य मोतीना न जाय दाम भरीया ॥ म ॥ २२ ॥ थे निकल्या छो विदेशे कमावा । घरको धनतो न जावे धरीया ॥ २३ ॥ फूटा जे मोती हमी लिया फिर । तिणरी ही कीमत देस्या हम भरीया ॥ म ॥ २४ ॥ पांच क्रोड सोनैया दिलाया । दाण माफ सहू तेहना करिया ॥ म ॥ २५ ॥ मार्ग खावण खरच सहू दीना । अतिहर्ष गया ते निज घरीया ॥ म ॥ २६ ॥ ढाल दशमी अमोल ऋषि गाइ । इण गुणें मदनना यश पसरीया ॥ म ॥ २७ ॥ दोहा ॥ पुण्य पसाये मदनजी । पाया निर्मळ बुद्ध ॥ राजा प्रजा मोहिया ॥ कीर्ती पसरी शुद्ध ॥ १ ॥ पुरपयठाणना नृपनो । पाया पद प्रधान ॥ प्रीती बधी घणी राय की । देख मदन गुणवान ॥ २ ॥ क्षण अन्तर चावे नहीं । करे एकांत सहवास ॥ सम्वाद

केइ प्रकारना । करे बुद्ध प्रकाश ॥ ३ ॥ निरभिमानी मदनजी । ढोंग बधायो नाय ॥ वैपार वक्त वेपारी हो । नित्य व्यवसाय चलाय ॥ ४ ॥ वणे प्रधान प्रधान वक्ते । दे धर्मी ने सहाय ॥ इम सुखे काल अतिक्रमे । आगे आश्चय थाय ॥ ५ ॥ ढाल ११ मी ॥ आघा आम पधारो पुज्य ॥ यह० ॥ सुण जो होणहार गत भाइ । ते अचिंत्य गुजरे आइ ॥ आं ॥ तिण अवसर वसंत ऋतु आइ । वन वाडी फुलाइ ॥ कंदर्प मित्र अहलाद बधावा । बन क्रीडाने जाइ ॥ सुण ॥ १ ॥ राजा राणी सामंत सहेली और पुरका नर नारी ॥ हिल मिल आया बागके मांही । करे भोजन तैयारी ॥ सुण ॥ २ ॥ गोला रोटा बाटी वाफला । घृते पूर्ण भरिया ॥ तेज मशाले दाल झोलकी । चतुराइ स्यूं करिया ॥ सुण ॥ ३ ॥ और केइ पक्कानज लाया । जवैरी झारा बणाया ॥ गटकाइ लौटा भर २ ने ॥ केफ मगनज थाया ॥ सुण ॥ ४ ॥ रंग गुलाल उडाइ गेरी । मिल बरोबरीका साथे ॥ चंग मृदंग झालरी बाजे । गावे धमाल लटकाते ॥ सुण ॥ ५ ॥ इम रमंता नशोज उतर्यो । क्षुधा तब प्रगटाणी ॥ माल मशाला जीम्या सहु मिल । मन मान्या उरताणी ॥ सुण ॥ ६ ॥ लेइ तंबोल बैठा एक स्थाने । मित्र सहेली परवरिया ॥ बुद्ध विनोदकी करी मस्करी । मधुर गायन उच्चरिया ॥ सु ॥ ७ ॥ मकर केतु भूप केतू-मतिराणी । रूप सुन्दरी बाइ । रूपे रंभा दीठा अचंभा ॥ सुर नरने उपजाइ ॥ सु ॥

८ ॥ सुकुमाल बाला मोहनमाला । सहेली संग संचरिया ॥ नाचे गावे नवरंगे । हेत हियामें भरीया ॥ सु ॥ ९ ॥ सहेल्या बिचथी रायनी पुत्री । आदर्श थइ ते वारो ॥ सहेल्या नहीं देखंती कुँवरी । विस्मय पाइ अपारो ॥ सु ॥ ॥ १० ॥ बाइजी २ सहू पुकारे । उत्तर नहीं कछु पायो । आस पास सहू ढूंढी जागा । तो पण नहीं देखायो ॥ सु ॥ ११ ॥ घबराइ तब सहू सहेली । हाहाकार मचायो ॥ दौडो २ बाइ किहां गइ । केइक रूदन करायो ॥ सु ॥ १२ ॥ केतुमतीराणी आइ दौडी । आतुरी आइ पूंछे ॥ किहां गई रूपी मुज प्यारी । रोवानो कारण स्यूं छे ॥ सु ॥ १३ ॥ हम सहू मिल इहां खेलती । बिचमें हुंती बाइ ॥ रमती २ अदृश्य हो गई । एकाकी न देखाइ ॥ सु ॥ १४ ॥ नजाणे पृथवीमें पेठी । को आकाश उडाइ ॥ गइ होवे तो ठाम बतावां । आश्चर्य येही आइ ॥ सु ॥ १५ ॥ घबराइ मुरछाइ राणी । दास्या भागी जाइ ॥ अर्जे करी राजाजी आगल । तिहां अनर्थ निपज्याइ ॥ सु । १६ ॥ रंगमें भंगथयो तिण अवसर । सहु दौडी तिहां आइ ॥ किहां गइ बाइ पतो न पाइ । सहू रह्या घबराइ ॥ सु ॥ १७ ॥ गुप्त प्रसिद्ध जोया सहु स्थानक । ग्राम जंगल के मांइ ॥ सवार प्यादा घणा दौडिया । मिली नहीं किण ठाइ ॥ सु ॥ १८ ॥ आर्त रौद्र ध्यान करता । सज्जन पुरजन फिरिया । निज २ घर सहू चुप आबैठा । चिंताए मुख उतरिया ॥ सु ॥ १९ ॥ राणी ते समजाइ

राजा । हूं तस पतो लगास्यूं ॥ चिंता फिकर नहीं कीजे किंचित । थोडा दिने मिलास्यूं ॥ सु ॥ २० ॥ धीरजधारी सहू परिवारी । मेहलमें आइ रहीया ॥ ढाल एकादश अमोल भाखी । कैसा आश्चर्य भइया ॥ सु ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ दूजे दिन मकर केतू नृप । कियो दरबार तैयार ॥ मदन अने सामंत सहू । बैठा हो होशियार ॥ १ ॥ बीडो फेरे रायजी । है कोइ नर बडवीर ॥ लावे कुँवरी माहरी । कर उद्यम धर धीर ॥ २ ॥ आधो राज तेहने देऊं । परणावूं ते बाल ॥ उपकार ए भूलूं नहीं । जावत जीवित काल ॥ ३ ॥ ऊठो २ सूरमा । कीजे एतो काज ॥ बैठा खाइ चाकरी । धरिये तेह तणी लाज ॥ ४ ॥ मजलस में बीडो फिरे । सहू रह्या नीचो जोय ॥ खबर नहीं किहां गइ । लाय किहांथी सोय ॥ ५ ॥ ढाल १२ मी ॥ श्रीरामजी नारन पाइहो ॥ यह० ॥ उत्तम थी बचन न क्षमा ही हो ॥ सूराते सुराइ जणाइ हो ॥ आं ॥ इम जोइ राय असुरत्त हो कहे । किहां गइ सहूनी सुराइ हो ॥ ऊंचा किम कोइ नहीं जोवो । किम रह्या छो मुरजाइ हो ॥ उत ॥ १ ॥ काम जरासो न होवे तुम थी । तो किम करशो लडाइ हो ॥ एकही हुकम म्हारो नहीं मानो । सीधी रोट्या खाइ हो ॥ उत ॥ २ ॥ वक्त ऊपर कोइ काम न आया । पुत्री हमारी गमाइ हो ॥ तिण विन राज पाट ए सायबी । सुनी मुज देखाइ हो ॥ उत ॥ ३ ॥ मैं जाणतो बहु सज्जन महारे । महारे कमी नहीं कांइ

हो ॥ वक्त पड्या सहूना गुण जाण्या । मतलबी सहूनी सगाइ हो ॥ उत ॥ ४ ॥ इत्यादी नृप वयण सुणीने । सभा सहू अकलाइ हो ॥ निजथी काम न होतो देखी । पर पर रह्या गुडाइ हो ॥ उत ॥ ५ ॥ तुम पराक्रमी तुम गुणवंता । तुम छो नृपने नेडाइ हो ॥ तुमने नृपने प्रीती घणेरी ॥ तुम जागीरी पाइ हो ॥ उत ॥ ६ ॥ इम कर तां बहुवक्त विहाणी । तब ज्यूंना मंत्री अकुलाइ हो ॥ इर्षा लाइ मदनने ऊपर । दाबी इण मुज ठकुराइ हो ॥ उत ॥ ७ ॥ चिंते इणने दुःखमें न्हाखुं । राय राख्यो छे फुलाइ हो ॥ मुज थी एह मरोड घणी करे । पण अब थासी सिधाइ हो ॥ उत्त ॥ ८ ॥ उठ कहे सहू थी आपणी सभामें । मदन जवैरी सवाइ हो ॥ बलमें पूरा काममें शूरा । मुख्य प्रधान कहाइ हो ॥ उत्त ॥ ९ ॥ ए बुद्धवंता पत्तो लगासी । निश्चय लांसी बाइ हो ॥ येही छे इण कामने जोगा । जावे तो काम थाइ हो ॥ उत्त ॥ १० ॥ इम सुणी मदन जी समज्या । ए बोल्या इर्ष भराइ हो ॥ मुजने दुःखमें न्हाख्या चावे । ऊंचा एम चडाइ हो ॥ उत्त ॥ ११ ॥ पण आपने तो सीधी लेणी । काम जिनथी सिद्ध थाइ हो ॥ खम्भ ठपकारी उभा थइया । नृपने सामे आइ हो ॥ उत्त ॥ १२ ॥ रायजी पण समज्या मनमें । करे जवैरीनी इर्षाइ हो ॥ परदेश भेजे दुःखमें न्हाखवा । पण धन्य जवैरी तांइ हो ॥ उत्त ॥ १३ ॥ नामही लेता तत्क्षण ऊभा थया । डरन जरा लाइहो ॥

छे बुद्धिवंता काम सिद्ध करसी । जोइए आगे सीं थाइ हो ॥ उ ॥ १४ ॥ मुजरो करने कहे मदनजी । स्वामी दो आज्ञाइ हो ॥ थोडा दिनमें कुँवरी सोदी । लाइ देस्यूं तुम तांइ हो ॥ उत्त ॥ १५ ॥ नरपति भाखे तुम परदेशी । इहां आइने रह्याइ हो ॥ एदुष्कारज तुम सुख इच्छक । रजा किम देवाइ हो ॥ उत्त ॥ १६ ॥ माता पिता पण दूरा तुमथी । साथे छे खटलाइ हो ॥ एकली छोडी किम जवाय । विचारो मन मांइ हो ॥ उत्त ॥ १७ ॥ नमन करीने मदनजी बोले । सहुनी छे कृपाइ हो ॥ मुजने ऐसो काम भोलायो । निश्चयथी ते थाइ हो ॥ उत्त ॥ १८ ॥ आप सहू के आशीर्वादे । अने मुज पुन्य सहाइ हो ॥ तिणथी दुःख जरा नही थासे । सब संकट विरलाइ हो ॥ उत्त ॥ १९ ॥ इम सुणी राजाजी हर्षाइ ॥ कहे धन्य २ तुम तांइ हो । महारी सभामें तुमही मर्दछो । प्रत्यक्ष गुण दीठाइ हो ॥ उत्त ॥ २० ॥ शीघ्र जावो बाइ ले आवो । छे परमेश्वर सहाइ हो ॥ धार्यो कार्य सिद्ध तुम थासी । मुज मन इम दरशाइ हो ॥ उत्त ॥ २१ ॥ इम सुणी हर्षाया मदनजी । ढाल द्वादश मांइहो ॥ पुण्यवंतने सहू काम सुलभ ॥ ऋषि अमोलख गाई हो ॥ उत्तम ॥ २२ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ रजा लेइ नृपति तणी । करी लुली प्रणाम ॥ बहु परिवारे परिवर्या । आया हांटे ताम ॥ १ ॥ भोलावे मुनीमने । राखजो पूरी संभाल ॥ जोगाजोग विचारने । लेजो देजो माल ॥ २ ॥ हूं राजानी रजा

१ दुकानपर

थकी । जावूंछूं परदेश ॥ पुत्री लास्यूं रायनी । करी चौकस धरी रेश ॥ ३ ॥ मुनीम कहे आश्चर्य करी । एतो दुक्कर काम ॥ बुद्धी बल साहस करी । पूर्ण करजो श्वाम ॥ ४ ॥ फिकर न कीजो पाछली । सवाइ जोजो आय ॥ हाट बंदोवस्त सहु करी । फिर निज सदने जाय ॥ ५ ॥ ढाल १३ मी ॥ उग्रसेणकी लली ॥ यह ॥ सुणो सभा चित लाय । मदन कुँवरीने इम समजाय ॥ आं ॥ आया हवेली निज ओरी मांया ॥ मूर्खको तब रूप बणाय ॥ सुणो ॥ १ ॥ फटी चिदीका लीरा लटकाय । माथे बांधी बाल विखराय ॥ सुणो ॥ २ ॥ एक बांय फाटी एक मूल नाय । फाटी अंगरखी घाली तनमांय ॥ सुणो ॥ ३ ॥ ज्यूंनी फाटी टोपी लीवी पेर । शरीरे लगायो धूल राख केर ॥ सुणो ॥ ४ ॥ इत्यादी भेष सज दरपण जोय । श्रृंगार माहे खामी नहीं कोय ॥ सुणो ॥ ५ ॥ शीघ्र चड आया पांचमें मजल । कुँवरी सामें दाखवे अपणी अकल ॥ सुणो ॥ ६ ॥ हड २ हंसता पडया सामे जाय । करी मुरखाइ कुँवरीने हंसाय ॥ सुणो ॥ ७ ॥ अटकतो कहे सुणो आश्चर्य बात । आज एक आयो मुज ग्रामको भ्रात ॥ सु ॥ ८ ॥ तिण पूंछयो इहां तूं आयो केम । किण घर रहे । तुज शरीरनें खेम ॥ सु ॥ ९ ॥ मैं कह्यो म्हारा तात दीनो निकाल । रिस आइ इहां आइ । रहूं खुश हाल ॥ सु ॥ १० ॥ एक राज कन्या पासे रह्यो छूं नौकर । चोखा वस्त्र अन्न मने आपे पेटभर ॥ सु ॥ ११ ॥ फिर ते मुजसे कहे थायरे वियोग ।

१ दुकान

मात तात थायरा करे घणोसोग ॥ सु ॥ १२ ॥ एकवार तिणथी तूं मिल जरूर जाय । थोडीक सातातस जीवने थाय ॥ सु ॥ १३ ॥ में कह्यो पूछस्यूं हूं मालकणीने जाय । ते हुकम देवसी तो मिलस्यूं हूं आय ॥ सु ॥ १४ ॥ तिहां थकी दौडी आयो तुमारे पास । आपनी जे इच्छा ते कीजे प्रकाश ॥ सु ॥ १५ ॥ कहो तो हूं जाइ मिलूं कुटंब ने तांय । थोडो काल तिहां रही मिलूं पाछो आय ॥ सु ॥ १६ ॥ इम सुण कुँवरीने नेणे आयो नीर । एक तूंही सेंदो मुज छोड जावे तीर ॥ सु ॥ १७ ॥ महारी उम्मर किम पूरी होसी एम । कर्म चण्डालनी मैं किहां पाउं खेम ॥ सु ॥ १८ ॥ मूर्ख निश्वास न्हांखी अश्रू नेणे लाय । सोगन खा कहे पाछो आस्यूं इण ठाय ॥ सु ॥ १९ ॥ कुँवरी कहे मिल पाछो आवजो सही । महारी बात किणने केवणी नहीं ॥ सु ॥ २० ॥ नहीं करूं बात कोइ आस्यूं पाछो सही ॥ बचन देइने चाल्या मदनजी तहीं ॥ सु ॥ २१ ॥ नीचे आइ सहू दास दासीने बुलाय । विश्वासी कहे एक धारो महारी बांय ॥ सु ॥ २२ ॥ थोडा दिन काज हूं तो जावूं प्रदेश । बंदोवस्त पाछलो राखजो विशेष ॥ सु ॥ २३ ॥ बाहिर कोइ तरह जाणे नहीं पाय । घर मांहे अन्य नहीं आवे चलाय ॥ सु ॥ २४ ॥ महारी कोइ बात जणा जो कदी मत । हुकम में रहजो दुःख न धर चित ॥ सु ॥ २५ ॥ छे महिनाकी पहली दी नौकरी चुकाय । नीती सर रह्यां देस्यूं इनाम

१ बचन

हूं आय ॥ सु ॥ २६ ॥ इम पुक्त वंदोवस्त कीनो मदन ॥ शुभ मुहूर्त चाल्य छोड सदन ॥ सु ॥ २७ ॥ हलका भारको लियो द्रव्य घणो लार ॥ जिम सहू सुख रहे विदेश मझार ॥ सु ॥ २८ ॥ ढाल त्रयोदश अमोलख ऋषि कहे । पुण्य पसाय जीव सब सुख लहे ॥ सुणो ॥ २९ ॥ ❀ ॥ द्वितीय खन्ड सारांस हरीगीत छंद ॥ दूजे खंड श्रीपुर पतिनी । करामाते कन्या हरी ॥ पुर पयठाणे जवैरी होइ । मुक्ताफल परीक्षा करी ॥ पयठाणपुर राजाकी कन्या सोधवा वीडो गिरी ॥ चालिया आगे जवैरी । अमोल एती थइ चरी ॥ २ ॥ परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी । महाराज के सम्प्रदाय के बालब्रह्मा-चारी मुनी श्री अमोल ऋषि जी रचित पुण्य प्रकाश मदनकुँवर चरित्रस्य द्वितीय खन्डम समाप्तम् ॥ ❀ ❀ ❀ ❀

॥ दोहा ॥ तीर्थंकर सिद्ध साधूको । वारम्वार नमस्कार ॥ शांतीनाथ स्मरण करी । करूं तिउखन्ड उच्चार ॥ १ ॥ मदन चरी छे मनहरी । अधिकाधिक संवाद ॥ ते सुणियों श्रोता गणों । छांडी सहू विखवाद ॥ २ ॥ सत्य बड़ो संसारमें । आराधे पुण्यवंत ॥ प्राणांते हटे नहीं । तस होवे सहू कंत ॥ ३ ॥ पुर पयठाण थी मदन जी । करी सहू वंदोवस्त ॥ चाल्या आगे विदेशमं । पुण्य मुहूर्त प्रशस्त ॥ ४ ॥ आय ग्राम ने वाहिरे । सिद्ध करणने काज ॥ वाणिक वेश छिपाइयो । बण्या जोगी महाराज ॥ ५ ॥ भगवा वस्त्र पहरिया । गले रुद्राक्षकी माल ॥ आनन भभूती औपती । काप्या सिरका बाल ॥ ६ ॥ झोली घाली बगलमें । करमें सोटी सहाय ॥ कम्बल खन्धे लटकती । शिर शिव तिलक लगाय ॥ ७ ॥ विन आडंबर शांत चित । फिरे भूमंडल मांय ॥ ग्राम। रण्य शिखरी गिरी । ढूंढता सहूजाय ॥ ८ ॥ साधू रूपथी तेहने । हटकी न सके कोय ॥ बात घणी हाथे लगे । आदर सहू जगे होय ॥ ९ ॥ ढाल १ ली ॥ जंबूद्वीपरे भरत बखाणियेरे ॥ यह ॥ मदनकुँवरजी बुद्धि आगला जी ॥ कुँवरी सोदण काम ॥ जोगी रुपे हो पृथवी उल्लांघता जी । रहता शुभ जोइ ठाम ॥ मदन ॥ १ ॥ बहुपुर बहु स्थान चौकश घणी करेजी । किहांइ पतो नहीं पाय ॥ तो पण साहस रति नहीं खन्डियो जी ॥ आगे आगेजी जाय ॥ म ॥ २ ॥ आगल जातां ते मार्ग भूलिया जी । पड्या

१ इच्छित

३९

२ मुखपर

३ जंगल
४ पहाड
५ गुफा

१ जंगल

कंतारमें जाय । पन्थ विनाही ते दिशानुसारथी जी ॥ जोता पन्थ क्रमाय ॥ म ॥ ३ ॥ पहाड खाड तिहां मोटा आवियाजी । द्रुम दट महीतल सर्व ॥ कुश काँटाने तीक्षण काँकरा जी । लागे तन तीक्ष पर्व ॥ म ॥ ४ ॥ उतंग चडीने ते नीचा आवता जी । जोता गुफा झाडी मांय ॥ वनचर खेचर क्षुद्री जीवडा जी । बहुला दृष्टि जी आय ॥ म ॥ ४ ॥ आगल चौगान वन रलिया मणो जी । सुन्दर वृक्ष उतंग ॥ ताल तमाल न आंबू जांबू वाजी । दाडिम लिंबू सू चंग ॥ म ॥ ६ ॥ रायण केला सेंतूतने आम लीजी । सहू भरिया फल फूल ॥ गेहरी सुखदा शीतल छांयडीजी । लागे मन अनुकूल ॥ म ॥ ॥ ७ ॥ धराजडी छे पंच रंग पहाणमें जी । केइ आसण आकार ॥ मध्य पुष्करणी वावी शोभती जी । मकराणामें ते सार ॥ म ॥ ८ ॥ निर्मळ नीर स्फटिक समजिहां भरयो जी । कुमुदिनी चौ फेर ॥ मध्य कमल बहु पद्मने पुंडरीकाजी । बहु रंग दीपे छे। लेहर ॥ म ॥ ९ ॥ साताकारी ठाम ते जाणने जी । दंड कमंडल ठाय ॥ थाक उतारण तिहां मज्जन कियो जी । तुर्त ते वाहिर आय ॥ म ॥ १० ॥ वस्त्र धोइ सुकाइ पेहरिया जी । फिर कर तिणहीज स्थान ॥ मीठा पाका निरोगा फल लियाजी । ते पुष्करणीपे आन ॥ म ॥ ११ ॥ रूचता भोगवी जल आरोगियोजी । पाजे बैठा मन रंग ॥ चिंते इण वने ए किम नीपनाजी । वावी वृक्ष सूरंग ॥ म ॥ १२ ॥ झाडी झूडी

२ पशु
३ पक्षी

४ बावडी

स्वच्छ ए भूमिकाजी । कोण करी इण ठाय ॥ निश्चय संचरे इहां कोइ मानवीजी । पण ते किम न देखाय ॥ म ॥ १३ ॥ इम तरंगा अनेक मन उपजेजी । चारोंही कानी ते जोय ॥ तेतले उतंग शिखरी थी उतरतोजी । जोगी देख खुश होय ॥ म ॥ १४ ॥ प्रचन्ड अंग तस ऊंचो छे घणोजी । रौम घणा तस अंग ॥ दाढी मूंछ जटा जुट तेहनेजी । लंगोटी बान्धी छे तंग ॥ म ॥ १५ ॥ लोह कडो कर खडावां पेरमेजी । सिन्दूर तिलक ललाट ॥ मृत्तिका घटले जलने कारणे जी । आवे तेहीज वाट ॥ म ॥ १६ ॥ मदन पद्मासण तिहां जमाइयोजी । नासाग्र दृष्टि ठाय ॥ प्रमेष्ठी नाम जपतो मन विषेजी । ध्यानी मुनी ज्यों थयाय ॥ म ॥ १७ ॥ तेतले जोगी ते तिहां आवियोजी । देखी मदन कोजी रूप ॥ तरुण वये यह वैरागी गुण निलोजी । ध्यानस्त शांत स्वरूप ॥ म ॥ १८ ॥ इम विचार तो पेठो वावीमेंजी । जल डोहली कियो अंगोल ॥ वस्त्र धोतो ते ईश्वर भक्तीनाजी । गुह्य श्लोक रह्यो बोल ॥ म ॥ १९ ॥ मदनजी चिंते एकांत एरन्नमेंजी । ए एकलो किम रेय ॥ साचो जोगी के कोइ परपंचीयोजी । आवे मन संदेह ॥ म ॥ २० ॥ चौकस करणी जी इण साथे रही जी । इम कियो द्रढ विचार ॥ तीजा खन्डे पहली ढाल एजी । अमोल आगे चमत्कार ॥ म ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ जल घट भर जोगी तदा । आयो वावी बार ॥ ध्यान तजी ततक्षण उठी । मदन कियो नमस्कार ॥ १ ॥

ते आसी दिन ऊगानी ॥ तटनी तटपर जाइ बैठो । जो वो निघा लगानी । जिण दिशाथी आवे पानी ॥ म ॥ २३ ॥ काष्ट स्थंभ एक वहतो आसी । लाल ध्वजा फरकानी ॥ तिण माहे से कुँवरी निकलसी । इम कही वणियां ध्यानी ॥ बोलाया बोले न बानी ॥ म ॥ २४ ॥ कर वंदन राय आणंद धरता । आया निज ठिकानी ॥ परशंस्या अति करे जोगीकी ॥ ॥ षट खन्ड ढाल षटम्यानी । ऋषि अमोल बखानी ॥ म ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ नृप राणी वाणी सुणी । हर्ष्या मन अपार ॥ धन्य २ ब्रह्मचारी जी । ज्ञानी गुणी सुखकार ॥ १ ॥ मांस घणा बीती गया । प्यारी तनुजा बीजोग ॥ तेहतो अब मिलावसी । ब्रह्मचारी संयोग ॥ २ ॥ हाहा धन्य दिवस यह । इम मन अति उमंगाय ॥ क्षण जावे वर्षा समी । खान पान विसराय ॥ ३ ॥ अप्रमादी सुभटने । नदी कंठ बैठाय ॥ सावध रही जोता रहो । रक्तध्वज स्थंभ आय ॥ ४ ॥ निकाली तत्क्षण लइ । दीजो बधाइ मुज ॥ दारिद्र दूरा करी । देस्यूं द्रव्य बहु तुज ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ७ मी ॥ श्री अभिनंदन दुःख निकंदन ॥ यह ॥ हिवे मदनजी निशा पड्याथी । कोइ पास नहीं जोयजी ॥ मंत्र साधन को मिस्स करीने । पुरमें गुप्त चल्या सोय जी ॥ हिवे ॥ १ ॥ सागे मदनको रूप बनाइ । पद्म खाती घर आयजी ॥ खाती खातणने पगे लागी । पोतानो नाम जणाय जी ॥ हिवे ॥ २ ॥ अचानक मदनने जोइ । दंपती आश्चर्य पायजी ॥ प्रेमें उभराइ गोदे बैठायो ॥

॥ हर्षका आंश्रू वहायजी ॥ हिवे ॥ ३ ॥ अहो वच्छ अम्बी किहांथी आया । किहां रह्या इत्ता कालजी । थारे वियोगे हम दुःख पाया । वुरी मोहणी झालजी ॥ हिवे ॥ ४ ॥ गरुड तो तुज इहांइ रहियो । चोकस कीधी अपार जी ॥ पण तुज पत्तो किहां नहीं पायो । तब बैठा चुप धारजी ॥ हिवे ॥ ५ ॥ भले आया देख मन हुलसाया । तुज थी हमने सुखजी ॥ मदन कहे आज धन्य घडी मुज । आप दर्शने गया दुःख जी ॥ हिवे ॥ ६ ॥ राजकन्या मुज विदेश लेगइ । तिहांनी रायपुत्रीं जायजी ॥ ते जोइ लायो अर्ध राज पायो । तेहीज दी परणाय जी ॥ हिवे ॥ ७ ॥ इत्यादी सहू बात सुणाइ । ते आश्चर्य घणां पायजी ॥ यह नर तो सुरसम करामाती ॥ क्या क्या किया उपाय जी ॥ हिवे ॥ ८ ॥ उरतस चंपी खाती पयंपे । भाइ तू पुण्यवंत जी महारा घरमें किण तरह रहवे । तूं तो होसी महंत जी ॥ हिवे ॥ ९ ॥ मदन कहे नाक बाजे ऊंचो । तो भी कपालने नीचे जी ॥ आप उपकार उरण नहीं होवूं । जो चर्म देवूं पग वीचेजी ॥ हिवे ॥ १० ॥ इम सुणी दोनों हर्षाया । मदन कहे कर जोडजी ॥ एक काम छे अति जरूरको । ते पूरो मुज कोड जी ॥ हिवे ॥ ११ ॥ पद्म कहे वेगी फरमावो । करूं मुज शक्ते काम जी ॥ तुज थी अधिक अन्य कुण मुज ने ॥ कहो सो पुरूं हाम जी ॥ हिवे ॥ १२ ॥ मदन कहे एक स्थंभ बणावो ॥ अष्ट पेहल जस होयजी ॥ माहे पोलो नर सुखे रेवे । वायु गमन शोभे मेहलजी ॥ हिवे

॥ १३ ॥ जल मार्ग नावा जिम जावे । मांय जल न भरायजी ॥ माहें रहियों दुःख नहीं पावे ऐसो करो उपायजी ॥ हिवे ॥ १४ पद्म कहे अब्बी मैं वणादूं । देवशक्ति प्रभाव जी ॥ मोटो कष्ट लेइने बणावे ॥ तत्क्षण कृत उपावजी ॥ हिवे ॥ १५ ॥ पट जडनरी विध बताइ । दीनो मदनने संभलाय जी ॥ इच्छित देखी मदन हर्षाया । मन मानी वस्त पाय जी ॥ हिवे ॥ १६ ॥ खाती खातणरे पाय पणम्या । कहे मिलस्यूं पाछो आय जी ॥ हिवणां काम उतावल का मुज । शीघ्र चल आगे जायजी ॥ हिवे ॥ १७ ॥ सैन्य पडावने स्थाने आया । सुन्दरी भणी जगायजी ॥ चमकी ऊठी देख मदनेश्वर । आदर दे हर्षायजी ॥ हिवे ॥ १८ ॥ इण वेला किहां थी पधार्या । मदन कहे सुणो बात जी ॥ सहू उपाय करी हूं आयो । तुम मावित्र घणा चहातजी ॥ हिवे ॥ १९ ॥ बैठो तुम अब्बी इण खंभ मांही । देवूं मैं नदी में वहायजी ॥ तात तुमारा तीरे बैठा । कहाडी लेसी तुम तांय जी ॥ हिवे ॥ २० ॥ पूछे तो कहजो देव हरी मुज । राखी घणी सुख मांय जी ॥ हूं सूती थी जागी इहां आइ । और न जाणूं कांयजी ॥ हिवे ॥ २१ ॥ सहू विद्या भली पर समजाइ । दीवी खंभमें सोवायजी ॥ कुँवरी खुश हुई देख करामात । कुटंब मिलणने उमायजी ॥ हिवे ॥ २२ ॥ खंभ भीडियो सन्धी रहित नव । सरिताने तट आयजी ॥ युक्ते वहाइ दियो ते तत्क्षणे । अमोल ढाल सात गाया जी ॥ हिवे ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ कह्या प्रमाणें विधी जमी ।

मदन मन हर्षाय ॥ निशा माहें गुप्त ते । श्रीपुर देवले आय ॥ १ ॥ पूर्व तणी पेरे सज्यो । ब्रह्मचारीको रूप ॥ निसीस्या ध्यान आसणे । कोइ न जाणे स्वरूप ॥ २ ॥ ते तले दिन कर प्रगट्यो । शौच हुई सहू लोक ॥ उमाया दर्शन भणी । आइ मिल्या बहू थोक ॥ ३ ॥ तिमही ध्यानस्थ जोयने । धन्य २ सहु केय ॥ ज्ञानी गुणी तपो धनी । यां सम अन्य न हेय ॥ ४ ॥ सहश्र गम सरिता तटे । मिलिया जाइ जन ॥ बाइ आवसी वेवती । ब्रह्मचारीने यतन ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ८ मी ॥ मानव जन्म २ रत्न तेने पायोरे ॥ यह ॥ बुद्धवंता २ मदन कला धारीरे । करे कौतक भारी ॥ आं ॥ स्थंभ जलाशय वेवत चाल्यो । श्रीपुर ढिंग ते हाल्योरे ॥ ते सुभट निहाल्यो । दोड्यो भूप पास पाल्यो । कहे स्थंभ आत भाल्यो । सुणी राय मन माल्यो ॥ बुद्ध ॥ १ ॥ पोकार थैयो स्थंभ आयो आयो । सहू जोइ आश्चर्य पायो जी ॥ शब्द नृपने सुणायो । राय अति उमायो । तटनी तट आयो । रक्त ध्वजा देखायो ॥ बुद्ध ॥ २ ॥ शीघ्र कहाडीने बाहिर लाइ । बाइनो शब्द सुणाइ जी ॥ मुज किहां फसाइ । यह छे अहो कांइ । निकालो मुज भाइ । देव किहां गयाइ ॥ बुद्ध ॥ ३ ॥ सुणी शब्द भूप आश्चर्य आण्या । ऋषि वयण सत्य जाण्याजी ॥ जे आगम बखाण्या । देव हरी सत्यमान्या । युक्ती स्थंभ भूठाण्या । देखे मेहल थी राण्या ॥ बुद्ध ॥ ४ ॥ युक्ती थी ते स्थंभ उघाडी । बाहिर बाइ कहाडी जी ॥ जोवे नेत्र ते फाडी

में किहां आइ ठाडी । देव गया झाडी । इम आश्चर्य देखाडी ॥ बुद्ध ॥ ५ ॥ भूधव मधुर वयणे बोलाइ । इम किम करे गेली बाइरे ॥ भूली गइ हम तांइ । हम तुजने बुलाइ । रही किम घबराइ । भूल दैव सघलाइ ॥ बुद्ध ॥ ६ ॥ मात तात निज पासे जोइ । कुँवरी हर्षित होइजी ॥ झट पांयेलागी । अति मोहणी जागी । सब दुःख गया भागी । हुया सहू अनुरागी ॥ बुद्ध ॥ ७ ॥ राय पूछे बाइ थी उमाइ । किहां रही इत्यादिन जाइजी ॥ तब कन्या चेताइ । देव हरी मुज तांइ । राखी सुख मांइ । थो सत्यवंत सहाइ ॥ बुद्ध ॥ ८ ॥ हूं सूती थी सुख सेज जाइ । फिर मुज खबर न कांइजी । इहां किणविध आइ । किम रही स्थंभ मांइ । सुण आश्चर्य पाइ । ब्रह्मचारी गुण गाइ ॥ बुद्ध ॥ ९ ॥ सहू परिवार मिल्यो तिणवारे । वृत्या मंगलाचारेजी ॥ तब नृप प्रकासे चालो ब्रह्मचारीपासे पहलां भेटां हुल्लास । फिर सहू सुखथासे ॥ बुद्ध ॥ १० ॥ तिमही मिलीने सहूजन आया । अति उमंगे भरायाजी ॥ राय कुँवरी तांइ । शीघ्र आगे लाइ । जोगी पांये लगाइ । उपकार दरसाइ ॥ बुद्ध ॥ ११ ॥ पाय लागंता सुन्दरी जोवे । आश्चर्य अति मन होवेजी ॥ ये किस्या ब्रह्मचारी । मुज कंत समारी । भला जोगी बण्यारी । वहवा कळाधारी ॥ बुद्ध ॥ १२ ॥ चुप चाप बैठी ऋषि पासे । क्षण २ जोवे हुल्लासे जी ॥ राय करी प्रणामो । किया घणा गुण ग्रामो । या बाइ आइ श्वामो । आप कृपा सुख पाम्यो ॥ बुद्ध ॥ १३ ॥ ब्रह्मचारी उतर नहीं देवे

। तब भुधंव इम केवें जी । श्वामी कृपा कीजे । एक संशय हरी जे । जोगी कहे चुप रीजे । कहूं ते सुण लीजे ॥ बुद्ध ॥ १४ ॥ तुम पुत्री वर जाणवा तांइ । आइ तुम मन मांइजी ॥ ते हूं दरसावुं । जे ज्ञान थी पावूं । जोगी जोडी जणावूं । तुम चिंत गमावुं ॥ बुद्ध ॥ १५ ॥ पयठाण पुर पति मदन जमाइ । ते जावे निज घर तांइ जी ॥ तीजे दिन इहां आसी । पूर्व बाग में रहासी । ते इण पति थासी । सुखे जन्म खुटासी ॥ बुद्ध ॥ १६ ॥ सुण राजेश्वर आश्चर्य पाया । वहावा भल भेद बताया जी ॥ आप अंतरयामी । मेटी महारी खामी । किया गुण सिरनामी । उठ्या जावा निज धामी ॥ बुद्ध ॥ १७ ॥ वंदन कर सहू निज घर चाल्या । जोगी गुण संभाल्याजी । राय मार्ग मांइ । जोगीका गुण गाइ । जबर अपणी पुण्याइ । ऐसा जोगी रह्याइ ॥ बुद्ध ॥ १८ ॥ गुणसुंन्दरी जो अति हर्षाइ । शाबास मदनजी तांइजी । करी केवी कलाइ । कैसी बात जमाइ । दिया सहूंने भरमाइ । पाइ महाबुद्ध वंताइ ॥ बुद्ध ॥ १९ ॥ राजा जैसा गया भरमाइ । तो मै किसी गिणतीमें आइ जी ॥ बहु मांस भरमांइ । तो भी प्रगट कीधाइ । जबर महारी पुण्वाइ । ऐसा पति पयाइ ॥ बुद्ध ॥ २० ॥ निज २ स्थाने सहू सुखेरेइ । आनंदे दिन गुजरेइजी । बाद जमाइनी जोवे । ढाल आठमी होवे । अमोल पुण्य थी सोहधे । खन्ड छट्टे मोवै ॥ बुद्ध ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ पुरमें पसरी वरता । साक्षात् भगवान ॥ ब्रह्मचारीजी आविया

। त्रिकालका जान ॥ १ ॥ बुलाइ रायपुत्रीने । वर्ष दिवसने मांय ॥ वली बताया जमाइने । ते पण रहसी आय ॥ २ ॥ तिणही पुरमांही वसे । धन्ना नामे शाहा ॥ रंभा मंजरी तस घरे । रहे करी निर्माह ॥ ३ ॥ तिण पण सुणी ए वारता । मनमें अति उमंगाय ॥ पूछूं ब्रह्मज्ञानी भणी । देमुज पती बताय ॥ ४ ॥ अवसर ए उत्तम मिल्यो ॥ जोवूं महारा भाग ॥ इम चिंती अइ तुरत । धन्ना शाहा पग लाग ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ९ मी ॥ अम्बिकाके मन्दिरके मांय ॥ यह ॥ पूर्व पुण्य संयोग । अचिंत्यो जोग जमे ॥ आं ॥ रंभा मंज्जरी आइ धन्ना जी पासे । कर जोडी ने नमे ॥ अचिंत्यो ॥ १ ॥ मैं सुण्यो तात जी ज्ञानी यहां आया । यक्ष देवालय रमे ॥ अचिं ॥ २ ॥ त्रिकालकी बात प्रकाशे । मिलावे जे मनगमें ॥ अचिं ॥ ३ ॥ कृपा करी मुज तिहां ले चालो । ज्यों मुज चिंता शमे ॥ अ ॥ ४ ॥ कहे सेठजी मैं पण सुणियां । चेतावा चायो तुमे ॥ आ ॥ ५ ॥ जरूर ते तुज पति बतासी । जोइ एक पलकमें ॥ अ ॥ ६ ॥ इम कही बाइ साथे लेइ । आया यक्षालय ठामें ॥ अ ॥ ७ ॥ लुल २ वंद्या सन्मुख बैठा ॥ मदन जोइ प्रिय तमें ॥ अ ॥ ८ ॥ आश्चर्य अतिही मन में आया । या इहां किहां आइ खमें ॥ अ ॥ ९ ॥ महंदपुरे मैं इणने परणी । खाइमें प्राण जस गमे ॥ अ ॥ १० ॥ ते किम जीवी किम इहां प्रगटी । हर्षित मनमें रमे ॥ अ ॥ ११ ॥ नियमित वक्ते होणो जो होवे । इम चिंती ध्यानने वमे ॥ ऊ ॥ १२ ॥ प्रणमी

रंभा मंज्जरी बोले । योगी संतोषी तिण समे ॥ अ ॥ १३ ॥ धन्नशाहाने कहे ब्रह्मचारी । इस दुःख जाण्या हमें ॥ अ ॥ १४ ॥ परणीने तज गया पति तुज । ते तो विदेशे भमे ॥ अ ॥ १५ ॥ गुप्त कर्म जाणी इण ताते । न्हाखी दी खाइमें ॥ अ ॥ १६ ॥ पति पतो पूछणने आइ । इम सुण आश्चर्य पमे ॥ अ ॥ १७ ॥ कहे कन्या श्वामी बात सहू साची । शरमी जोवे भू गमे ॥ अ ॥ १८ ॥ कर जोडी कहे किम ते मिलसी । फरमावो प्रभू हमे ॥ अ ॥ १९ ॥ कहे योगी पयठाणपुरपति नी । ते परण्या पुत्री गुण धमे ॥ अ ॥ २० ॥ निकलिया ते कुटम्ब थी मिलवा । परस्यू आइ इहां थमें ॥ अ ॥ २१ ॥ यहांके राय की पुत्री परणसी । मदन नाम तुज गमे ॥ अ ॥ २२ ॥ तेहने तूं जाइने मिल जे । फिकर दो अब वमे ॥ अ ॥ २३ ॥ इम कही ने ध्यानज धरियो । मंजरी दुःख उपसमें ॥ अ ॥ २४ ॥ अहो २ ज्ञानी सहू सुख दाता । इम कही वारंवार नमें ॥ अ ॥ २५ ॥ मोटो उपकार कियो मुज ऊपर । इम कहता गया निज [1]धमें ॥ अ ॥ २६ ॥ परस्यूं मुज प्राणेश्वर आसी । रंभा रहे आणंदमें ॥ अ ॥ २७ ॥ अण चिंती मिली पहली परणी । मदन मन हर्षमें ॥ अ ॥ २८ ॥ ढाल षट खन्ड नवमे सबूरी । आइ अमोल सहू रमे ॥ अ ॥ २९ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ मदन बुद्ध परपंचथी । जमायो सहु काम ॥ हिवे ते सहू पूरवा । जागी मनमें हाम ॥ १ ॥ चमत्कार सहू ए लखी । आश्चर्य पाया अपार ॥ नर नारी मिलिया

१ घरको

घणी । भरायो दरबार ॥ २ ॥ ब्रह्मचारी कहे सुखी रहो । हम जावां निज धाम ॥ कहतांही गगने उड्या । सहू रह्या आश्चर्य पाम ॥ ३ ॥ देव वैकुंट सिधाइ या । इम करे सहू पुकार ॥ गुण उचरंत घरे गया । पसरी बात ते वार ॥ ४ ॥ उतर्या मदन जी बन विषे । मूल स्वरूप बणाय ॥ आया निज शैन्या विषे । जो सहूजन हर्षाय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १० मी ॥ कौन दिशासे आये पवन सुत ॥ यह ॥ देखी सब सुख पाये हो मदन नृप देखी० ॥ अ ॥ शैन्य सजाइ चले मदनजी । जय नगारे घुराय ॥ एक मुक्काम करी रस्तेमें । श्रीपुरके ढिंग आये हो ॥ म ॥ १ ॥ पूर्वके बाग मांही उतरिया । रखवाले नृप बैठाये ॥ ते दौड आये दीनी वधाइ । पयठाण पुरके केवाये हो ॥ म ॥ २ ॥ ते आये बहू ठाट पाटसे । सुणी भूप हर्षाये ॥ करी सजाइ शैन्या सघली । पुर रंग ढंग सोभाये हो ॥ म ॥ २ ॥ चाल्या बधावा नृपादी बहू । पुर जन अधिक उमाये ॥ देखां कैसा राय जमाइ । जे ब्रह्मचारी बताये हो ॥ म ॥ ४ ॥ सहश्रागम आमिल्या बागमें । भूपती मदन देखाये ॥ आनंद चउ नेत्र प्रफुलित । मदन आसण तज धाये हो ॥ म ॥ ५ ॥ दौनों मिलिया नमीने प्रणम्या । हर्षथी हृदय भराये ॥ कहे नृप आप दर्शन चहातो । ते आज पुण्यसे देखाये हो ॥ म ॥ ६ ॥ पावण चारी कीजे हम घर । येहीज हम मन चहाये ॥ मदन कहे आप हुकम में हाजर । मधुर वचन मोह-

वाये हो ॥ म ॥ ७ ॥ राय मदन दोनों एकण गजवर । रूप गुणे सोभाये ॥ बंदी जन वरुदावली बोले । छत्र धर चमर ढुलाये हो ॥ म ॥ ८ ॥ मध्यपुरीमें होइ चाले । पूरजन मोतीये बधाये ॥ छत्र झरोके गोरे गौरडी । पेखण छत छवाये हो ॥ ९ ॥ अमोघ धारा दान देवता । जाचक दुःख गमाये ॥ बहू ठाटथी इम परवरिया । राजभवन में आये हो ॥ म ॥ १० ॥ सुखासन बैठाइ सहूने । चारों अहार जिमाये ॥ लेइ तंबोल बैठा सभामें । प्रेमकी बांतां बणाये ॥ म ॥ ११ ॥ मांड कही ब्रह्मचारीकी कहानी । मदन सुणी विस्माये । अहो ऐसा ज्ञानी धन्य विश्वमें । मदन मुखे फरमाये हो ॥ म ॥ १२ ॥ राय कहे हम कन्या परणो । जे तन मनतुमें चाये । सत्पुरुषके बचनको पालो । ब्रह्म वयण निफल न जाय हो ॥ म ॥ १३ ॥ मदन कहे आप राजेश्वर हो । क्या मुज देख मोवाये ॥ मैं नहीं उपना राज के कुलमें । वाणिक जात कहाये हो ॥ म ॥ १४ ॥ हम घर तुम पुत्री किम सोभे । किम सुखे काल गमाये ॥ जोगी जोडी देखी देवो । ज्यो लोकिक सोभाये हो ॥ म ॥ १५ ॥ सुणी राय आश्चर्य अति पाया । येही निर्लोभी पाये ॥ नहीं मिले जोतां इसा जगमें । ब्रह्मऋषि दरशाये हो ॥ म ॥ १६ । राय कहे पयठाण पुरपतिने । जिस गुणसे तुम भाये ॥ वैसेही हम मन लोभाया । नहीं जाये छिटकाये हो ॥ म ॥ १७ ॥ मदन कहे आप आगृह अतीतो । ना नहीं मुज थी कहवाये ॥ इम सुणी

सहू जन सुख पाया । मौत्सव अधिक मंडाये हो ॥ म ॥ १८ ॥ शुभ लग्ने गुण सुन्दरी बाइ । मदन भणी परणाये ॥ डायचो घणो दियो भूपती । द्रव्य खूब खरचाये हो ॥ म ॥ १९ ॥ अच्छो महल दियो रहणेंको । वहां सब सुख जमाये ॥ पद्म खात्तीको लिया बुलाइ । वोभी देख विस्माये हों ॥ म ॥ २० ॥ पंच इन्द्रीके सुख भोगवे । सुखें २ इहां रहाये ॥ ढाल दशमी खन्ड छट्टे की । ऋषि अमोलिक गाये हो ॥ म ॥ २१ ते ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ धन्नाशाहा सुणी वारता । परण्या राजकुँवार ॥ रंभा मंज्जरीने कह्यो । सुण हर्षी अपार ॥ १ ॥ शरमी कर जोडी भणे । आप ले चालो साथ ॥ कोइ युक्ती योजी करी मिलावो मुज नाथ ॥ २ ॥ धन्ना कहे चालो हिवे । करस्युं शक्ते सहाय ॥ अंगीकार करसी पती । कही ब्रह्मचारी वाय[१] ॥ ३ ॥ अंजन मंजन कर सज्या । तन सोले श्रृंगार ॥ धन्नाशाहा साथे चाली । शिविका हुई सवार ॥ ४ ॥ खास मेहल मदन तणो । आया तिणमें चाल ॥ गुणसुन्दरी वृतांत सुण । अचंभी हुइ खुशाल ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ११ मी ॥ छे संवर का ॥ श्रीवीर जिनेश्वर गौतमने कहे ॥ यह ॥ मदन बुलायाजी, शीघ्रते आविया ॥ देखी त्रियानेजी, आश्चर्य पाविया ॥ चाल ॥ पाइ आश्चर्य पूछे सेठसे । किणरी नार किम लाविया ॥ कारण कांइ सत्य भाखो । किस्यो तुम मन चाविया ॥ सेठ कहे ए आप पत्नी । अन्य वैमन आणिये ॥ निर्दोष बाला सरण दीजे । ज्यूंनो प्रेम पेछाणिये ॥ १ ॥ तब ते

१ बचन

रंभाजी, कर जोडी नमी ॥ हूं आप दासी जी, भूलो किम गमी ॥ चाल ॥ गमी किम भूलो छो श्वामी । गरुढ चड उड आविया ॥ मेहेन्द्रपुरके मेहल मांही । गंधर्व लग्न लगाविया ॥ आप वियोगने कोप स्वजन । प्राण हरण खाइ पडी । तुम पुण्ये आयुबल जोगे । आज हुई छे धन्य घडी ॥ २ ॥ मदन कहे तब, बात साची कही ॥ महेन्द्रपुरेमें, गुप्त परण्यो सही ॥ चाल ॥ सही परण्यो राजपुत्री । दूजी निशा तिहां गयो ॥ सुणी डूबी खाइ में । जोतां पतो मैं न लह्यो ॥ अथाग जले किम ऊगरे । ए आश्चर्य अति मन माहेरे ॥ किम हुवे तूं रंभा मंज्जरी । ओलख बचन तूं थायरे ॥ ३ ॥ कांइ प्रयोगे तूं, जाणी मुज बातडी ॥ आवी इहां तूं, मोह फंदे पडी ॥ चाल ॥ मोह फंद मुज न्हाख्या चावे । परस्त्री त्याग मुज भणी ॥ बृत भंगे नहीं म्हारो । किम वरूं हूं तुज भणी ॥ तिण थी जा तुज स्थानके । इण छल में हूं आस्यूं नहीं । इम वयण सुण कंथना । रंभा नेण आँश्रं वही ४ ॥ सत्य बचन नाथ, आप छो सतवंता ॥ हूं निश्चय नहीं, छली लेवूं अंता ॥ चाल ॥ लेवूं अंत हूं छली केहनो । इसी विसी नहीं जाणियें ॥ वैम आप को दूर करवा । कहूं विती कहाणीये ॥ जिम उगरी इण शेहर आइ । पाइ प्यारो प्राणेश्वर ॥ धर्म तणी सील महिमां । आप आगे उचरूं ॥ ५ ॥ आप गयाथी, मैं निद्रावस भइ ॥ दिन कर चढियों, न शुद्ध तेहनी लही ॥ चाल ॥ लही शुद्धी धाय माता । लक्षण देखी माहेरा ॥

लाइ बुलाइ मात तात ने । देखाया ते सहू खरा ॥ रोस भराणी राणी राणा । ठोकरी जगाइ मुज भणी ॥ नाम ठाम तब पूंछियो । दीवी धमकी अति घणी ॥ ६ ॥ नहीं कहता गुज । मारण आविया ॥ मै कर जोडीने, तब दर्शाविया ॥ चाल ॥ दरसाविया नहीं मारियो । हूं पडी खाइ पोतो मरुं ॥ अजोग कर्म ए माहेरा । तेहथी आत्म हत्या करूं ॥ इम कही पडता मेहल पाछल । मंत्र नवकार मैं धाइयो ॥ पडी जलधी पुण्य जोगो । किंचित दुःख न पाइयो ॥ ७ ॥ अधर उडाइजी, सुर मुज लेगयो ॥ धरी अटवीमें, जिहां घर तस रह्यो ॥ चाल रह्यो तेहने घर मुज कहे । बेहन इहां सुख थी रहो ॥ सहू भला थासी थांयरा । न चिंता थी तन दहो ॥ मान वयण रही विपिन में । फलादि भजण करी ॥ पण मनुष्य विन नहीं आसींगे । गेहली परे हूं रही फिरी ॥ ८ ॥ एक दिवस त्यां, सथवारो नरतणो ॥ आतो जोइ जी, मन हर्ष्यो घणो ॥ चाल ॥ घणो हर्ष्यो सार्थ पति तब । वनमें मुज ने जोइने ॥ पास आइ पूछे तूं कुण, साच कहे संख खोइने ॥ वनदेवीके विद्याधरी । किण इच्छा यहां फिर रही । इम सुणी धैर्य देइ तस । कल्पित बात महारी कही ॥ ९ ॥ हूं अभागण, भूली बाटडी । इहां भटकी रही, या दुःख की घड़ी ॥ चाल ॥ दुःख घडी थी छोडाइने । तुम मेलो कोइ शुभ स्थानके ॥ जिम मिले मुज सज्जना । सुखी करो दया आबके ॥ इम सुणी ते

हर्षाया । कहे महारे साथे चालिये ॥ हम विदेशी फिरां बहूला । देश विदेश निहाली ए ॥ १० ॥ तिण साथे हूं, चाली खुशी हुइ ॥ सारथ पतिमुज, राखे सुख मइ ॥ चाल ॥ राखे मुख में रूपे रींजी । एकांते एकदा कहे ॥ विरह दुःख क्यों रहे व्याकुल । कोमल तनने क्यों दहे ॥ करूं पत्नी माहेरी । खा माल तन सज सुखे रहो ॥ सुणी कंपी आत्मा, किम कीजिये एहथी द्रोहो ॥ ११ ॥ काम अन्ध ए, मानसी नहीं कयो ॥ रखे बलत्कारे' भंगे बृत गह्यो ॥ चाल ॥ गृह्यो वृतज भंगे तेहथी । मरण श्रेय छे मूज भणी ॥ इम चिंती निशामें निकली । तब गृही तस्कार दुःख अणी ॥ लेगया झाडने पहाड में । में जोइ ने तब थर हरी ॥ बचीखाड थी पडी कूवे । किसी कीजे इहां चरी ॥ १२ ॥ जातां पल्लीये, नारी तस लडी ॥ किणने लायोरे, कहाड तूं इण घडी ॥ चाल ॥ इण घडी इण ने काहाड बाहिर । नहीं तो मरूं कूवे पडी ॥ इम तुणी ते ले चल्यो मुज । क्रोधनेवश बड बडी ॥ आवियो इण ग्राममें । मुज सिरपे खंड पुलो धरी ॥ मध्य बजारे नर बृंदे । बेंचवा उभी करी ॥ १३ ॥ इणही पुर रहे अनंगी वेसिया ॥ धन घरमें घणो रूप विशेषिया ॥ चाल ॥ वैशीयाते आइ बजारे । अवलोकन महारो करी ॥ तत्क्षण आ ढूंकडी । मोल पूछे हर्ष भरी सहश्र सोनैया कह्या तिंण । ढगलो तिहां तबही कीया प्रेमे बोलाइ मुज भणी । चलो अपणे घर बीया ॥ १४ ॥ मैं पूछो तस, कुल थांरो कहो ॥

१ सुखावे
२ घांसका
३ बाई

वली तुम आचार, धर्म किस्यो बहो ॥ चाल ॥ बहो धर्म प्रकाशियो तब तेकहे उत्तम हमे ॥ अमर सौभाग्य, शृंगार नित्य नव । भोग अभिनव नर रमे ॥ मोटा पुण्य छे थायरा, जेहथी हमारे कर चडी ॥ सुणी वयण इम तेहना । हूंतो सोग सागर पडी ॥ १५ ॥ नहीं आवूं हूं, घर कदी थायरे ॥ अति निंदक कर्म, न चाहिये माहेरे ॥ ॥ चाल ॥ माहारे ए सुख नाहीं चहिये । ए थी तो मरणो भलो ॥ इम कही हूं बैठी रोती । तें कहे बेगी चलो ॥ कर धरी तब खेंची मुजने । मर्या पशु ज्यूं बजारमें ॥ जोवो कर्म विटंबणा । मैं इम पडी दुःख धारमें ॥ १६ ॥ मैं मन समर्यो जी, तब नवकारने ॥ जो निर्मळ शील, तो करो सारने ॥ चाल ॥ सार करो सासण सूरी । इम चिंतवतां सहायक भया ॥ अनेक सांप विच्छूहुइ, मुज चौपखे घेरी रह्या ॥ मरण धारी डरी नहीं मैं । वैस्या सहू अलगी रही ॥ जोकर फरयो माहारो ॥ तस सांप विच्छू डंक दइ ॥ १७ ॥ व्यापी झणणाट, सहु वैश्या तने ॥ जीव ले भागी आश्चर्य धरी मने ॥ चाल ॥ आश्चर्य पा लोक जो तमाशो । हांसी करे तिणरी घणी ॥ तेतले ए सेठ आइ । शुद्धी पूछी हमतणी ॥ वाइ चल घर माहेरे । हूं राखस्यूं बेटी करी ॥ जैन धर्मी श्रावक छूं हूं । करस्यूं भक्ती सक्ते सरी ॥ १८ ॥ मैं सुण हर्षी जी । यां साथे थइ ॥ करूं धर्म पुण्य, मै इण घरमें रही ॥ चाल ॥ रही घर में हूं तो सुखथी । सहाज दियो मुजने घणो ॥ सर्व तरह नो सुख पाइ ।

१ चिन्ता

एक फिकर रह्यो आपनो ॥ तेतले पुण्य जोग इहां । ब्रह्मचारी एक आविया । अनुभव ज्ञान तणें प्रसादे । आप भणी बताविया ॥ १९ ॥ पयठाण पुरपत, जमाइ आवसो ॥ इहां राजेश्वर, धूया परणा वसी ॥ चाल ॥ परणसी तेही पती थारा । नाम पण बतावियो ॥ निश्चय आयो मुज मन में । मन घणो हर्षावियो ॥ मार्ग मेह पर जोवती । आज नीठ दर्शन पाविया ॥ भूली सहू दुःख सरण आइ । सहू मंगल वरताविया ॥ २० ॥ ए कही साहीबा, बीती मुज सहू ॥ झूट न समजोजी, सोगन हूं लहूं ॥ चाल ॥ हूं लहूं सोगन निश्चय काजे । पूछो सेठजी तातने ॥ जाण आपकी लाज राखो । संतोषो मुज गातने ॥ ढाल एक दश खन्ड छट्टे । अमोल ऋषि इण पर कहे ॥ रंभा मंज्जरी को चरित्र । सुणी मदन मन गेह गहे ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ मदन कहे अहो भामणी । साची थाणी बात ॥ सुखे रहो इण घर विषे । अर्पो सुख निज गात ॥ १ ॥ चोरीथी परणी तुमें । भोग युक्त नहीं मुज ॥ तुम पिता ने सन्मुखे । पुनः परण स्यूं तुज ॥ २ ॥ प्रेमला कहे ए किम बणे । शरम भर्यो ए काम ॥ मदन कहे फिकर तजो । रीते पूरीस हुं हाम ॥ ३ ॥ गुण सुन्दरी निज कथन कही । संतोष्यो तस मन ॥ मिली रहे दोनों स्त्रिया । सुखथी काल गमन ॥ ४ ॥ धन्नासहा संतोष ने । पहोंचाया तस घेर ॥ आगल कार्य साधवा । उपजी मन में लेहर ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १२ मी ॥ सोहन सिंह सण रेवती ॥ यह ॥ एकदा

मदन जी चिंतवे । हूं बैठो इहां मोजरे माय तो ॥ काम घणो अजु माहेरे । न चिंता रह्यां ते सिद्ध किम थाय तो ॥ ए ॥ १ ॥ इहां थी आगे हिवे चालवो । इम चिंतवी सुंदरीने चेताय तो ॥ तुम सुखमें रहजो इहां ॥ हूं आगे जावूं करवा उपाय तो ॥ ए ॥ २ ॥ सुन्दरी कहे हुं संग चलूं ॥ जोवस्युं तुम किसी करो करामात तो ॥ मदन कहे अवसर नहीं । शाणा हुइने मानो जरा बात तो ॥ ए ॥ ३ ॥ किण रीते काम सिद्ध हुये । पहलांथी तं नहीं कहवाय तो ॥ सर्व इच्छित हुयां माहेरा ॥ देस्युं वीगते सहु संभलाय तों ॥ ए ॥ ४ ॥ इम बहुविध समजायने । आविया ते भूधवने पास तो ॥ आदर दियो घणो रायजी ॥ मधुर वचन पूछें कीजिये आस तो ॥ ए ॥ ५ ॥ हुकम प्रमाणें हम करां । आपथी नहीं जरा दूसरी बात तो ॥ मदन कहे कृपा आपकी । आप प्रशाद सहू हुवे मुज चहात तो ॥ ए ॥ ६ ॥ इहां थी आगे जावा तणी । इच्छा म्हारी थइ नृपाल तो ॥ आज्ञा दीजिये मुज भणी । मिलवो छे मुज कुटंब ने हाल तो ॥ ए ॥ ७ ॥ राय आश्चर्य धरी कहे । कांइ दुःखथी आयो देश याद तो ॥ ते शीघ्र फरमाइये । निश्चयमें मेटस्या विखवाद तो ॥ ए ॥ ८ ॥ मदन कहे किंचित दुःख नहीं । काम घणा मुज करणा जरूर तो ॥ ते करी पाछो आवस्युं । हाजर छूं हूं हुकम हजूर तो ॥ ए ॥ ९ ॥ राय कहे सुख जिम करो । फोज लेजावो लागे जित्ती साथ तो ॥ पहलां की

ने इहां तणी । सज हुई शैन्य हुकम हुयां नाथ तो ॥ ए ॥ १० ॥ आया खाती खातण कने । प्रणमी कहे हूं जावू छूं देशतो । आप रहजो इहां सुखमें । पाछो आस्यूं काम हुयां असेस तो ॥ ए ॥ ११ ॥ इम सहूने संतोषने । तैयारी करी मदन तत्क्षण तो ॥ रंभा मंज्जरी साथे ग्रही । और सहु जमायो सरतन तो ॥ ए ॥ १२ ॥ शुभ मुहूर्ते चालिया । राजा प्रजा घणा पहोंचावा जाय तो ॥ दर्शन वेगा दीजिये । सीम लगण पहोंचाइ फिर आय तो ॥ ए ॥ १३ ॥ सुखे मुकाम करता थका । मदनजी आया महेंन्द्र पुर पास तो ॥ साता कारी स्थानके । सहू रह्या कार्य युक्ती विमास तो ॥ ए ॥ १४ ॥ दूत बलिष्ट कला निपुण । सजवाइ कहे जावो भूप पास तो ॥ कहजो जमाइ आविया । मदन नरेश बधावो सू आस तो ॥ ए ॥ १५ ॥ दूत अद्भुत साजे सजी । चाल्यो होइ मध्य वजार तो । लोक देखी विस्मित हुया । ए किण का सुभट आयो जुजार तो ॥ ए ॥ १६ ॥ राज सभा नृप सन्मुखे । नमी कहे जय विजय बधाय तो ॥ मदन नरेश्वर आविया । जे आपका जवाइ कहवाय तो ॥ ए ॥ १७ ॥ अति आश्चर्य पाया राज वी । पुत्री बिना किम जवाइ होय तो ॥ ए कुण किहांथी आविया ॥ भूली गया परण्यो ठिकाणोय तो ॥ ए ॥ १८ ॥ दूत थी कहे जाइ कहो । इहां नहीं हुयो आपको व्यावतो ॥ पुत्री नहीं कोइ माहेरे ॥ विना कारण किम जगे उत्साहव तो ॥ ए ॥ १९ ॥ भूलीने भूप

आविया । याद करी पधारो तिण ठाम तो ॥ दूत आयो मदन कने । वीतक बात कीवी तमाम तो ॥ ए ॥ २० ॥ हँसिया मदन कह्यो नार ने ॥ ते कहे साचो तास विचार तो ॥ अमोल ढाल बारमी कही । मदन कहे हिवे करूं उपचार तो ॥ ए ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ पुनरपि सज कियो दूतने । कहे खुल्ला समाचार ॥ तुम भूलो पुत्री रखण । हम नहीं भूल्या लगार ॥ १ ॥ रंभा मंज्जरी पुत्री तुम ॥ परण्या रात जेह ॥ मदनतेहपेछाणिये । आया लेवा तेह ॥ २ ॥ सुख संम्पथी सोंपिये । तो तुम रहसी मान ॥ नहीं तो सज हो आइये । रणमां करां संग्राम ॥ २ ॥ सीस चडाइ बचन ते । दूत गयो फिर चाल ॥ मदन कह्या तिमही सहू । हाल कह्या भूपाल ॥ ४ ॥ चकित हुइ सारी सभा । सुणियां दूत बचन ॥ बात संभारी पाछली । खिन्न थयो तब मन ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १३ मी ॥ श्री जिनवर गणधर मुनीवरने कहेरे ॥ यह ॥ उपकार गुणवंतां भूले नहींरे ॥ आं ॥ फेडे जब अवसर आयरे ॥ दोनोरे भवे सुख ते लहेरे । सुगुणाने येही सुहायरे ॥ उ ॥ १ ॥ सुणी बचन इम दूतकारे । कोपातुर हुया भूपालरे ॥ बुलावो दुष्ट तलवर भणीरे । निमक हरामी चंडालरे ॥ उ ॥ २ ॥ भट झट लाया कोतवालनेरे । रोसे बचन कहे भूपरे ॥ तूं अपराधी माहेरोरे । भाखी जे साच स्वरूपरे ॥ उ ॥ ३ ॥ जिण मुज पुत्री भृष्ट करीरे । ते चोर मारण काजरे ॥ मै दियो थो एक दिन तुजेरे । ते होइ आयो राजरे ॥ उ ॥ ४ ॥

थें जीवतो राख्यो तेहनेरे । तेहनो थयो शत्रूरूपरे ॥ मांगे छे कन्या माहरीरे । तेतो पडी मरी कूपरे ॥ उ ॥ ५ ॥ हिवे किहां थी आपीयेरे । लडाइ किम करायरे ॥ इण संकटमें मे पड्योरे । कीजिये कैसो उपायरे ॥ उ ॥ ६ । किम जीवतो छोडयो तेहनेरे ! किसी खाइथें लांचरे ॥ पाप प्रगट्या अब थायरारे । कहे जिम होवे तिम सांचरे ॥ उ ॥ ७ ॥ इत्यादी कोटवालनेरे नृप किया बचन करूररे ॥ साचा मनमें जाणियांरे । सोच पड्यो भरपूररे ॥ उ ॥ ८ ॥ चिंते ऊंडो मन विषेरे । किम कियो इण अन्यायरे ॥ बचन दियो थो मुज भणीरे । पाछोन आस्यूं इण ठायरे ॥ उ ॥ ९ ॥ धर्म ठगाइ इण करीरे । दिसतो थो गुणवंतरे ॥ मरणो मुजने दोनो पखेरे । तो पण कहाडू तंतरे ॥ उ ॥ १० ॥ नरमाइ कहे भूपथीरे । गुन्हो कीजिये माफरे ॥ कीधी भूलमें मोटकीरे । परकास्यों सहू साफरे ॥ उ ॥ ११ ॥ हूं ले जातो मारवारे । बिच मिलिया मुनीरायरे ॥ उपदेश देइ छुडावियोरे । श्रावक करी तिण ठायरे ॥ उ ॥ १२ ॥ बचन बदल इहां आवियोरे । हूं जावू तिणरे पासरे ॥ समजाइने आवस्यूंरे । मानो इत्ती आरदासरे ॥ उ ॥ १३ ॥ राय कहे होतब हुयोरे । हिवे पण कीजे उपायरे ॥ समाधान होवे तो भलोरे । नहीं तो फिर देखी जायरे ॥ उ ॥ १४ ॥ हुकम सीस चडायनेरे । तेंहीज दूत ने साथरे ॥ मदन भेटवा चालियारे । किम भयो ए नर नाथरे ॥ उ ॥ १५ ॥ दल प्रबल घणो पेखियोरे । पूछी सहू दूत थी बातरे ॥ मदन पक्षे घणा

रजियोरे । तलवर आश्चर्य पातरे ॥ उ ॥ १६ ॥ अहो २ पुण्य एक नर तणारे । प्रगटता कीसी वाररे ॥ राहीज एकदा मुज करेरे ॥ थइ चड्यो निराधाररे ॥ उ ॥ १७ ॥ फोजकी हद्दके बाहीरेरे । तलवर उभो राखरे ॥ रजा लेइ लेइ जावस्यूरे । दूत्त जा मदनने भाखरे ॥ उ ॥ १८ ॥ श्वामी समाचार केववारे । आया कोतवाल लाररे ॥ हद्द बाहिर उभा कर्यारे । कहो तो लावूं इण वाररे ॥ उ ॥ १९ ॥ मदन दौडी सामे आवियारे । लुली २ लाग्या पायरे । जीवित दान दाता तुमेरे ॥ दर्श हर्ष उपजायरे ॥ उ ॥ २० ॥ कोटवाल पावां लगेरे । मदन लागण नहीं देयरे । सुख स्थान जाइ बैठियारे । अमोल तेरे ढाल केयरे ॥ उ ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ नरमाइ कोतवाल कहे । आप महापुण्यवंत ॥ किंचित गुण बहुकर लख्यो । तिण थी हुवा महंत ॥ १ ॥ माठो नहीं लगाडियो । पण प्रकास्युं गुज ॥ वचन न पाल्यो रंच तुम ॥ एही आश्चर्य मुज ॥ २ ॥ ना कही इहां आवण तणी । पधारी छेडया राज ॥ आपतो दोइ समर्थ छो । म्हारो बिचे अकाज ॥ ३ ॥ राणी मांगी आप की । ते किणविध अपाय ॥ मर्या न होवे जीवता । कीजे क्रोड उपाय ॥ ४ ॥ सरणे आयो आपके । लज्जा राखो मोय ॥ आप कहो सोही करूं । अण हूं तो न होय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १४ मी ॥ तूं तो साची श्राविका ॥ यह ॥ भय नहीं उत्तम मित्र थी । कुशल न दुष्ट थी होय हो ॥ साजन ॥ परिक्षा होवे इण तणी । जे वक्ते बल जोय हो ॥ साजन ॥ भ ॥ १ ॥

मदन कहे नरमाइने । जो तुमने दुःख होय हो ॥ सा ॥ तो मैं जीवित निष्फल गिणुं । निश्चय कीजे सोय हो ॥ सा ॥ २ ॥ कौण समर्थ छे विश्वमें । थाणो करवा अकाज हो ॥ सा ॥ धैर्य धरो मनने विषे । सत्यथी मिले सुख साज हो ॥ सा ॥ भा ॥ ३ ॥ मैतो बचन पलट्यो नहीं । छे मुज पूरो ध्यान हो ॥ सा ॥ बिन अवसर आस्युं नहीं ॥ एहथी महारी जबान ॥ सा ॥ भा ॥ ४ ॥ ए अवसर आवा तणो । जाणी आयो चलाय हो ॥ सा ॥ अण हूंती बात करूं नहीं । निश्चय धरो मन मांय हो ॥ सा ॥ भा ॥ ५ ॥ मरी किम कहो तेहने । जे जग जीता जोय हो ॥ सा ॥ मार्या तो मरे नहीं । जस आयु प्रबल होय हो ॥ सा ॥ भा ॥ ६ ॥ आश्चर्य धर तलवर कहे । इम प्रकाशो केम हो ॥ सा ॥ जे न्हांखी खाइ विषे । तेहने किम रहे खेम हो ॥ सा ॥ भा ॥ ७ ॥ मदन कहे डेरा विषे । जाइ जोवो नेण हो ॥ सा ॥ जो मिले तुमे पुत्री राजरी । तो मान जो सत्य वेण हो ॥ सा ॥ भा ॥ ८ ॥ तलवर अति आश्चर्य धरी । जाइ तम्बू में जोय हो ॥ सा ॥ ओलखी राज कुँवरी भणी । हिवडे हर्षित होय हो ॥ सा ॥ भा ॥ ९ ॥ प्रणमी कहे बाइ साब जी । खुशी छे आप तन हो ॥ सा ॥ निज कोटवालने ओलखी । शरमाइ ते मन हो ॥ सा ॥ भा ॥ १० ॥ तलवर कहे धन्य आपने । छो जी महाबुद्धिवंत हो ॥ सा ॥ पोतेही परिक्षा करी । किया कंत पुण्यवंत हो ॥ सा ॥ भा ॥ ११ ॥ एतो रीत अनादिकी । पती

कीजे परिक्षा हो ॥ सा ॥ सवरा मंडपने विषे । वरे कन्या बुद्ध जो दक्ष हो ॥ सा ॥ भ ॥ १२ ॥ हूं आयो गुण सांभली । दरशण करवा काम हो ॥ सा ॥ देखी प्रताप ए आप को । पाम्यो घणो आराम ॥ सा ॥ भ ॥ १३ ॥ राय जी आगे केवस्युं । ते पण पावसी सुख हो ॥ सा ॥ आज भलो दिन हम तणो । पणास्या सहू दुःख हो ॥ सा ॥ भ ॥ १४ ॥ कृपा करी संदेह हरो । पडी खाइरे मांय हो ॥ सा ॥ ते उपसर्गे किम उवर्या । आश्चर्य मुजने सवाय हो ॥ सा ॥ भ ॥ १५ ॥ रंभा कहे नवकार थी । कीधी सुर मुज सार हो ॥ सा ॥ उडाइ मूकी वन विषे चोर ले गया ते वार हो ॥ सा ॥ भ ॥ १६ ॥ तिण बेची बजारमें । तब राखी एक सेठ हो ॥ सा ॥ तिहां मिल्या बालेश्वरु ॥ आण पुगाइ ठेट हो ॥ सा ॥ भ ॥ १८ ॥ विपता सुणी बाइ तणी ॥ नेणा छूटी जलधार हो ॥ सा ॥ धन्य २ सती छे तुज भणी । सत्य थी पड्या सहू पार हो ॥ सा ॥ भ ॥ १९ ॥ हिवे जाइ हूं रायजी कने । देवूं बधाइ एह हो ॥ सा ॥ सब परिवारे बधाववा । सामा आसी तेह हो ॥ सा ॥ भ ॥ २० ॥ नमन करीने चालिया । पुर भणी कोटवाल हो ॥ सा ॥ अमोल पुण्यवंत मदनकी । हुई चौदमी ढाल हो ॥ सा ॥ भ ॥ २१ ॥ दोहा ॥ तब तिण महेन्द्रपुरी विषे । राज सभा ने मझार ॥ राजा परजा सुस्त हो । चिंता करे अपार ॥ १ ॥ अचिंत्य उपसर्ग आवियो । कियो तलवर अन्याय ॥ शत्रू छोड्यो जीवतो । तिणरा फल प्रगटाय ॥ २ ॥ इत्यादी केइ

१ गये

कल्पना । केइक हृदय उठंत ॥ तेतले हर्षित वदनथी । कोटवाल आवंत ॥ ३ ॥ प्रणमी लुली भूपने । नृप कहे अकुलाय ॥ कहे पहला वीतक कथा । किम समाधान थाय ॥ ४ ॥ कर जोडी तलवर कहे । निश्चित रहिये चित ॥ नहीं कोइ शत्रू आपना । मदन छे साचा मित ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १५ मी ॥ जंबू कयो मान लेरे जाया ॥ यह ॥ राजेश्वर सांभलो श्वामी । नर पुण्य अचिंत्य होय ॥ आं ॥ पुरुष भाग्य अचिंत छे श्वामी । जोवो प्रत्यक्ष आप ॥ जे नर मारणने ग्रह्यो । तेहना प्रगट्या पुण्य अमाप ॥ रा ॥ १ ॥ केइ राज वशमें हुवा । अने विद्याशक्ति अनेक ॥ दल प्रबल छे तेहने । कुण मागी सके तस टेक ॥ रा ॥ २ ॥ पुण्यवंत क्रोड उपायसे श्वामी । मार्या कधी नहीं जाय ॥ पुण्यवंतने पुण्यवंत मिले । ते पण जोवो इण ठाय ॥ रा ॥ ३ ॥ मैं मिल्यो मदन रायने । ते लाग्या महारे पाय ॥ ऋद्धि ठाकुराइ घणी । पण अभिमान नहीं देखाय ॥ रा ॥ ४ ॥ उपकार तो अति मानीयो । जें दीधो जीवित दान ॥ बरोबरी हम बेठीया । और कियो घणो सन्मान ॥ रा ॥ ५ ॥ आश्चर्य ए छे मोट को । 'बाइ' डाली खाइ मांय ॥ ते तो मदन जी साथ छे । मने निजरे दीनी बताय ॥ रा ॥ ६ ॥ मैं बात पूंछी बाइने । तिण कीधा वीतक हाल ॥ ते तिणही सभा विषे । विस्तारी कह्या सवाल ॥ रा ॥ ७ ॥ सुणी सहू सुख पाविया । करे धन्य २ मुख थी उचार ॥ हाह' कर्म गति कहेवी । और शील बडो सुखकार ॥ रा ॥ ८ ॥ नृप

कहे शीघ्र चालिये । बधाइ लावां पुरमांय ॥ अचिंत्य ए मौको मिल्यो । पूरां सहू मनरा चाव ॥ रा ॥ ९ ॥ मेहलांमें जाइ भूपतीजी । कही राणीने बात ॥ रंभा मंजरी आइ छे । जवाइजीके साथ ॥ रा ॥ १० ॥ हँसी समजी राणी कहे । अब क्यों करो गयो दुःख याद ॥ पुण्य विना किम भोगिये । बाइ जवाईका अहलाद ॥ रा ॥ ११ ॥ वीतक बात राजा कहीजी । तब आइ परतीत ॥ हर्ष पामी अति घणो । जागी पूर्वली प्रीत ॥ रा ॥ १२ ॥ चतुरंगी शैन्या सजी । राय राणी हुवा तैयार ॥ उमंगे सहू संग चलीजी । आया ग्रामके बार ॥ रा ॥ १३ ॥ फोज आवंती देखने जी । चमक्या मदन का लोक ॥ चेताया मदन भणी जी । आवे बहुलो थोक ॥ रा ॥ १४ ॥ मदन बाहिर आया देखवाजी । आगे आया कोटवाल ॥ प्रणमी कहे लेवा भणी जी । सामे आवे नृपाल ॥ रा ॥ १५ ॥ मदन जी सामंत सगलेजी । पायचर सन्मुख आय ॥ महेंद्रपती पाला हुयाजी । देखी हियों हुलसाय ॥ रा ॥ १६ ॥ मिलिया बांय पसारने जी । पूछयो सुख समाधान ॥ सुखासन सहू बेठिया जी । जोइ हर्ष्यां पुण्यवान ॥ रा ॥ १७ ॥ राणीबृंद दास्यां तणेंजी । आइ बाइ पास ॥ मा बेटी प्रमातुरी मिली । आश्रुपात हुल्लास ॥ रा ॥ १८ ॥ बाइ तूं गुणवंत छे । किया मोटा नृप भरतार ॥ क्षमो अपराध सहू हम तणो । हम कियो विगर विचार ॥ रा ॥ १९ ॥ कुँवरी कहे आप पुण्यथी में । पाइ सघलो सुख ॥ सखी सहेली सहू

मिलीजी । जोवे बाइको मुख ॥ रा ॥ २० ॥ शुभ मुहूर्तमें सजहुईजी । आया नगर मझार ॥ सुखे समाधे रहे सहू । पनरे ढाल अमोल उचार ॥ रा ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ एकदा राणी रायजी । करे आपसमें विचार ॥ एकही पुत्री आपणो नहीं कीधो कुछ लाड ॥ १ ॥ तनुजा परणावा तणी । मात पिता मन हूंश ॥ ते अपणी पूगी नहीं ॥ हिवे लीजे रस चूंस ॥ २ ॥ बोलाया मदनेशने । कही मनकी बात ॥ मदन कहे इच्छित करो । कमी कछू न देखात ॥ ३ ॥ अति आडंबर कर तिहां । रंभ मंज्जरी परणाय ॥ अर्धराज दे डाय जे । राय राणी हर्षाय ॥ ४ ॥ विना कह्या इच्छित हुया । हर्ष्या दंपति दोय ॥ पुण्यवंत प्राणी भणी । पग २ पे सुख होय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल १६ मी ॥ ममत मत कीजो राज मनमें ॥ यह ॥ पुण्यवन्त सोभा राज पावे । पग २ आणंद प्रगटावे ॥ पुं ॥ आं ॥ एकदा कुटुंब जागरणा जगत । विचार इसो मन आवे ॥ ठाम २ हूं पडूं फंदमे । मन म्हारो मोहवाये ॥ पुण्य ॥ १ ॥ मात तात विदेशरे मांइ । पीडा बहुली पावे ॥ खबर मुजने कुछ नहीं तेहनी । मुज विरह तडफावे ॥ पुण्य ॥ २ ॥ मैं जब पड्यो सरिता मांहीं । बंधव मुज अरडावे ॥ मैं कह्यो थो मिलस्यूं काम कर । ते सहू काम मुज थावे ॥ पुण्य ॥ ३ ॥ हिवे दर्श लूं मावित्र बंधूका । तब मुज मन तोषावे । रिद्धी सिद्धी महारी देखी । तस मन पण हर्षावे ॥ पुण्य ॥ ४ ॥ इम विचारी निशा विहाणी । रंभा भणी चेतावे ॥

तुम इहां रहजो सुख मांही । मुज मन आगे धावे ॥ पुण्य ॥ ५ ॥ मंजरी हर्ष कहे भले चालो । मुज मन एही चावे । मासू सुसरा कुटम्बने मिलस्युं । मदन पुनः दर्शावे ॥ पुण्य । ६ ॥ ठाम ठिकाणो खबर नहीं मुज । अम्बी किहां ते रहावे ॥ छोड आयो हूं विंदेश मांइ । तास पतो जब पावे ॥ पुण्य ॥ ७ ॥ ठाम ठिकाणो सहू जम्या थी । मुज मन ठामे आवे ॥ फिर लेजास्यूं तुमने आइ । इम तस चित स्थिर ठावे ॥ पुण्य ॥ ८ ॥ भूपतिने विचार जणायों । खिन्न हो ते फरमावे ॥ तुम दर्शने हम परसन्न होवां । जावो किम कहवावे ॥ पुण्य ॥ ९ ॥ मदन कहे मात तात मिलणने ! मुज मन अति उमावे ॥ पाछो आस्युं आप सेवामें । कृपा रखियो भावे ॥ पुण्य ॥ १० ॥ नृप कहे शैन्य लेजावो । जे तुम साथे चहावे ॥ मदन कहे जो कृपा आपकी । कांइक फो जलरावे ॥ पुण्य ॥ ११ ॥ तीनी दल तब किया ए कंठा । प्रयाण मदन करावे ॥ राजा सामंत प्रजा दी मिली । सीम लगे पहोंचावे ॥ पुण्य ॥ १२ ॥ दर्शन वेगा दीजो इम कही । लुल २ सीस नमावे ॥ मदन खुशी होनम्या घणेरा । सहू फिर ठामे आवे ॥ पुण्य ॥ १३ ॥ सुखे मुकाम करता मदनजी । वटपुर ढिंग आ रहावे । दल प्रबल पसर्यो चउदिशमें । खबर ग्राममें जावे ॥ पुण्य ॥ १४ ॥ सुण राजाजी मन संकाणा । कुण पर चक्री ए आवे ॥ वैर नहीं अपणो किण साथे । अचिंत किम प्रगटावे ॥ पुण्य ॥ १५ ॥ कहे सचिव से जावो वेगा । करो

चौकस वे दावे । खबर देवो वेगी मुज आइ । आया ए किण कांवे ॥ पुण्य ॥ १६ ॥ चतुर्घंट रथारूढ होइ । भट प्रभाव सोहावे ॥ आया मदन शैन्यने पासे । देखी मन घेसावे ॥ पुण्य ॥ १७ ॥ राज वर्गी नर आतो देखी । मदन शैन्य रक्ष धावे ॥ कर जोडी कहे मदन राय थी । कोइक सामंत आवे ॥ पुण्य ॥ १८ ॥ मदनजी तत्क्षण वाहिर आया । जेष्टना चिन्ह देखावे ॥ तेतले तो रथ आयो नेडो । मदन सलामी करावे ॥ पुण्य ॥ १९ ॥ रथ तजी प्रधानजी नमिया । मदनजी कर धरावे ॥ ले आया निज डेरा मांही । उच्चासन पधरावे ॥ पुण्य ॥ २० ॥ किवो सत्कार सन्मान घणेरो । सचिव मन हर्षावे ॥ ढाल सोलमी कही अमोलख । छट्ठे खन्ड सोहावे ॥ पुण्य ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ नम्र होइ सचिव जी । पूंछे बेकर जोड ॥ आप किहांका भूपति । इहां आया किण कोड ॥ १ ॥ मदन कहे नरमायनें । हूं नहीं छुं राजन ॥ हूं तो इहांको वाणियो । आयो मिलण सज्जन ॥ २ ॥ कुण सज्जन इहां आपका । प्रकाशों तस नाम ॥ मदन कहे वसुपतजी । अजुद्या छें तस गाम ॥ ३ ॥ चौथो पुत्र हूं ते छनो । मदन न्हारो नाम ॥ आयो छूं मिलवा भणी । अवर नहीं को काम ॥ ४ ॥ सुणी सचिव अचंभिया । अहो २ नरना पुण्य ॥ महीदाकाश गती सही प्रत्यक्ष ए न नुन्य ॥ ५ ॥ * ॥ ढाल १७ मी ॥ आज आनंद धन जोगीश्वर आया ॥ यह ॥ आज आनंद दिन मदन जी आया । रिद्धी सिद्धी ए शोभायारे लो ॥ सज्जन जनका

खंड १

१ कपट

१२०

२ पृथवी और आका जितनी

मन हर्षाया । इष्टार्थ सिद्ध थायारे लो ॥ आज ॥ १ ॥ फिरी सचिव आया सभा मांही । हर्षी वीतक चेताइरे लो ॥ वसुपति शाहा का कुँवर मदनजी । पुर बाहिर आ रह्याइरे लो ॥ आज ॥ २ ॥ राजा चार तस हुकमके मांइ । ऋद्धि अपार देखाइरे लो ॥ मिलवा आया निज परिवारने । अवर विचार न कांइरे लो ॥ आज ॥ ३ ॥ सुणी राजेश्वर घणा हर्षाया । वसुपत परिवारे बुलायारे लो ॥ कहे थांरा चौथा नंदन आया । मदन जग प्रगटायारे लो ॥ आ ॥ ४ ॥ बात सचिव जी सब जणाइ । ऋद्धि घणी लायाइरे लो ॥ कहे पुरपति अति आणंद पाइ । मिलण मन उमंगाइरे लो ॥ आज ॥ ५ ॥ राजेश्वर तब फोज सजाइ । ग्रामे खबर पसराइरे लो ॥ सुणी सहू अति आश्चर्य पाइ । वसुपति निज घर आइरे लो ॥ आज ॥ ६ ॥ चाल्या नर वर बाजत भेरी । वसुपतिजीने संगलेरीरे लो ॥ और प्रजा संग हुइ घणेरी । आया ग्राम बाहिर फेरीरे लो ॥ आज ॥ ७ ॥ मदन नफर देखी शैन्या आती । हर्ष नाद उभरा तीरे लो ॥ तत्क्षण जाइ कह्यो मदनने । श्वामी शैन्य आती जणातीरे लो आज ॥ ८ ॥ मदनजी जोइ घणा हर्षाया । निज दल सज करायारे लो । पयदल पुरपति सन्मुख आया । इते तो प्रधान देखायारेलो ॥ आज ॥ ९ ॥ नेणानेण मिल्या अमीरस ठरीया । प्रेमथी हीया भरीयारेलो ॥ लुली २ मदन जी मुजरा करिया । रायजी नमी कर धरियारे लो ॥ आज ॥ १० ॥ सुख समाधिनी पूंछी बातां । फिर तान हिंग मदन आतारे

लो ॥ प्रेमाश्रुत पगे शीस नमाता । वसुपत हृदय लगातारे लो ॥ आज ॥ ११ ॥ पूत सपूत जोइ सहू सुख पावे । तो मावित्रनो किस्यो कहवावेरे लो ॥ फिर तीनों भाइने आइ नामिया । द्रढालिंगन मिलावेरे लो ॥ आज ॥ १२ ॥ मदन सज्जन सुख तस मन जाणे । के जाणे जिनराया रे लो ॥ बिछी बिछायत तिहां विराज्या । जोवत हर्षे उमायारे लो ॥ आज ॥ १३ ॥ हर्षानंदकी बटे बधाइ । कुशल वारता कराइरे सो ॥ शुभ मुहूर्त पुनः सजी सजाइ । चाल्या ग्रामके मांइरे लो ॥ आज ॥ १४ ॥ मदन नरपति एक गज सोभे । तेज प्रतापे अरी क्षोभेरे लो ॥ और थयायोग्य वाहना रूढ भया । देखंता मन लोभायारे लो ॥ आज ॥ १५ ॥ मध्य बजारे चली सवारी । जोवे उमट नर नारीरे लो ॥ मदन कुँवर पर जाव वारी । ए कोइ नर अवतारीरे लो ॥ आज ॥ १६ ॥ रायभवनमें आइ उतरिया नृपने नमन करियारे लो ॥ रजा लेइ वसुपत घर आया । राज रूढीने अनुसरीयारे लो ॥ आज ॥ १७ ॥ माताजीनें पाये लागा । जोताइ सहू दुःख भागारे लो ॥ चिरायु सुखी नग जिम स्थिर रहो । आसीस दिया पुण्य जागारे लो ॥ आज ॥ १८ ॥ और सहू सज्जनने सन्मान्या । कीधा सहूना मन मान्यारे लो ॥ पुण्यवंत किणने नहीं अपमाने । तेहीने जग पेछान्यारे लो ॥ आज ॥ १९ ॥ शैन्य सहू सुख स्थान जमाइ । तिहांइ रह्या सुख मांइरे लो ॥ सहू सज्जन को मिल्यो समागम । नित्यानंद वरताइरे लो ॥ आज ॥ २० ॥ पुण्य

तणा फल ए दरसाया । षष्टम खन्ड पूर्ण थायरे लो ॥ मदन कुटुंबके सुखमें लो भाया । अमोल ढाल सतरे गायारे लो ॥ आज ॥ २१ ॥ ❀ ॥ खन्ड सारांस । हरीगीत छंद ॥ सुखकर रूप सुंदरी वर । गुणसुन्दरी मन मोहिया ॥ वण ब्रह्मचारी परण्या नारी । विरहना दुःख खोइया ॥ महेंन्द्रपुरे पुनः वरा रंभा । वटपुर सज्जन संग सोहिया ॥ षट खन्ड ए अधिकार कहे अमोल नर पुण्य जोइया ॥ ६ ॥

परम पूज्य श्री कहानजी ऋषिजी महाराज के संप्रदायके बाल ब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलख ऋषिजी रचित पुण्य प्रकाश मदन चरित्रस्य षष्टम खन्डम् समाप्त ॥ ६ ॥



॥ दोहा ॥ प्रणमुं पंच प्रमोष्टिको । समरूं सरस्वती मांय ॥ ए सातोंका सरण ल । सप्तम खन्ड वरणाय ॥ १ ॥ दान सील तप भावना । धर्मका चार प्रकार ॥ प्रथमपद दियो दानने । से सहू गुण दातार ॥ २ ॥ महिमा दानकी वरणवार । रचियो मदन चरित्र ॥ खन्ड २ रस नवनवा । सुणी हुवो मन पवित्र ॥ ३ ॥ मदन विदेशे गया पछे । वसुपत

१ होगइ सो
२ कही

पाया सुख । आत्म कार्य साधिया । ते सुणो कहूं सुख ॥ ४ ॥ एकदा मदन कुटंब संग । करे भूतक विधी बात ॥ कहो भाइ जी याद छे । वटवरको अवदात ॥ ५ ॥ शुभ वक्ते वाणी वदी । आंपां विनोदे चार ॥ तिमही हिवणा देखलो । निपज्या सहू प्रकार ॥ ६ ॥ श्रीधर कहे मदन कहो । सहू वीतक तुम हाल ॥ राजकुँवरी चउ किम वरी । किम पाया यह माल ॥ ७ ॥ मदनजी निज वीती कथा । दी विस्तारी सुणाय ॥ आश्चर्य पाया सहू घणो । धन्य २ कहे मुख वाय ॥ ८ ॥ हा हा पराक्रम था यरो सागे इन्द्र समान ॥ तुज दर्शन सुखी हम भया । निकल्यो बहु गुणवान ॥ ९ ॥ ❀ ॥ ढाल १ ली ॥ वारी जाउं मैं गुराकी । जिन समकित रस पायो जी ॥ यह ॥ सुणो मदन जी भाइ । जिम ऋद्धिया पाइ जी ॥ सुणो ॥ आं ॥ नरमी मदन कहे थाणी प्रकासो । किम तुम सुखीया थयाइजी ॥ सुणो ॥ १ ॥ श्रीधर कहे सुणो वीतक महारो । जिम राजपुत्री व्याइ जी ॥ सुणो ॥ २ ॥ जिण वेला तुम सरितामें पडीया । तब हम गया घबराइ जी ॥ सुणो ॥ ३ ॥ पूकार्या उत्तर नही पाया । निहूं रह्या विल खाइ जी ॥ सुणो ॥ ४ ॥ दिन उगता पाणी उतर्यो । तीनों नीचे उतर्याइ जी ॥ सुणो ॥ ५ ॥ दूर २ लग जोया कांठा । किहां पतान पायाइ जी ॥ सुणो ॥ ६ ॥ आरत कर ता निज घर आया । तात उदास दीठाइ जी ॥ सुणो ॥ ७ ॥ पूछे मदन किम नहीं देखावे । तुम किम रह्या विलखाइ जी ॥ सुणो ॥ ८ ॥ इम सुण

हम वीतक कह्यो रोतां । मदन वह गयो पाणी मांइ जी ॥ सुणो ॥ ९ ॥ जोयो पण पत्तो नहीं लाग्यो । तेह थी मन दुःखाइ जी ॥ सुणो ॥ १० ॥ सुणी वज्रपात ज्यूं बचन ए लागा । दोनूं गया मुरछाइ जी ॥ सुणो ॥ ११ ॥ जल विन मीन तणीपर तडफे । प्राण आ कंठे रह्याइ जी ॥ सुणो ॥ १२ ॥ तब हम कह्यो तातजी सुणो आगे । मदनने हम दीठाइ जी ॥ सुणो ॥ १३ ॥ इम सुणी जरा सावध हुया । कहे दे मदन बताइजी ॥ सुणो ॥ १४ ॥ हम कह्यो ते पड्यो जब जलमें । तब विद्युत चमकाइजी ॥ सुणो ॥ १५ ॥ काष्टारूढ दीठो हम वहतो । तेहथी जीवतो भाइजी ॥ सुणो ॥ १६ ॥ निश्चय निकलशी कोइक ठामें । मिलसी पाछो आइजी ॥ सुणो ॥ १७ ॥ इम सुणी मन जरा स्थिर थइयो । विश्वासे साता पाइजी ॥ सुणो ॥ १८ ॥ तेतले एक नैमित्तिक आया । हमने दुःखी दीठाइ जी ॥ सुणो ॥ १९ ॥ दया लाइ कहे दुःख सहू छोडो । तुम सहू पुण्यवंताइ जी ॥ सुणो ॥ २० ॥ पांच वर्ष में मदन आमिलसी । ऋद्धि घणी संग लाइजी ॥ सुणो ॥ २१ ॥ अजीवका काष्टथी नित्य करता । याद आता रणमाइ जी ॥ सुणो ॥ २२ ॥ वारतेवारे शुभ संयोगे । अटकतो ग्रास गले जाइजी ॥ सुणो ॥ २३ । इम केइ दिन कष्टे विताता ! केइदा विचार थयाइजी ॥ सुणो ॥ २४ ॥ कोइ उद्योग ऐसो कर लगे । प्रगटे जिम पुण्याइजी ॥ सुणो ॥ २५ ॥ बुद्धी बल चलतो अजमायो । पण कांइ न सिजाइजी ॥ सुणो ॥ २६ ॥ जब पाप

दिशा संपवा आइ । तब जे जोग बण्याइजी ॥ सुणो ॥ २७ ॥ ते सुणी यों कहे ऋषि अमोलक । सप्त खंड ढाल पहली थाइ जी ॥ सु ॥ २८ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ वसंत ऋतुते अवसरे । पसरी भूमंड मांय ॥ तरुवर नव पल्लव थया । लीला लेहर सोभाय ॥ १ ॥ वसंतक्रीडाने कारणे । नृपराणी परिवार ॥ पुरजन परजन बहु मिली । वनी कामे रहे आय ॥ २ ॥ अभिनव भूषण चीवरा । नवरंग उडे गुलाल ॥ मस्त तान वाजिंतरे । गाता राग धमाल ॥ ३ ॥ तिण अवसर राय पुत्रिका । पुष्पवती गुणवान ॥ सरखी सहेली संग ले । खेलती एकांत स्थान ॥ ४ ॥ आनंद मंगल वरतना । चउदिश जय २ कार ॥ तब अचिंत्य होतव बण्यो । सुणियो मदन कुँवार ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल २ री ॥ आदही आद जिनेश्वरोजी ॥ यह ॥ भवितव्यता भाइ सांभलोजी । तिण अवसरने मझार ॥ अंजन गिरीना सरीखोजी । करतो अति गुंजार ॥ भ ॥ १ ॥ कालो मतवालो मद भर्योजी । भरतो मोटी फाल । सूंडा दंड उछालतो जी । दीसे ज्यों आयो काल ॥ भ ॥ २ ॥ गाजे भाद्रव मेहलो जी । तीक्षण दंतासूल ॥ सात अंग धरणी लगे जी । जोया शुद्ध जावे भूल ॥ भ ॥ ३ ॥ वायु वेगे दोड तो जी । आयो राज कन्या पास ॥ देख्यो नहीं कोइ तिण भणी जी । सहू लागी क्रीडा अभ्यास ॥ भ ॥ ४ ॥ झूलती राय धूया भणी जी । अधर लीवी उठाय ॥ घबराइ पाडी चीसली जी । तेनले गज भग जाय ॥ भ ॥ ५ ॥ सहेल्या

हुइ घाबरी जी । भागी ले निज जीव ॥ साहस कुण करे वक्तपे जी । जब आवे अचिंती-
रीव ॥ भ ॥ ६ ॥ कुंजर पुष्पवती गृही जी । तुर्त गयो निकल ॥ विजलीना भलकापरे जी
। लागे नहीं एक पल ॥ भ ॥ ७ ॥ दंती गयो जब वेगलो जी । तब सहेल्या करे पुकार
॥ दौडो २ राजेश्वरूजी । दौडो सहू परिवार ॥ भ ॥ ८ ॥ दौडो जौधा सूभटा जी । कांइ
अनर्थ मोटो थाय ॥ बाइसाबने गृही करी जी । ते मयंगल न्हाटो जाय ॥ भ ॥ ९ ॥ छोडा
वे कुँवरी भणीजी । करो सूर वीर सहाय ॥ हा हा कार इभ सांभली जी । लोक घणा
विस्माय ॥ भ ॥ १० ॥ राजा राणी दोडिया जी । कांइ दोड्या मंत्री सांमत ॥ बहु जन
दोडी आविया जी । सहेल्या ने पूछंत ॥ भ ॥ ११ ॥ रुदन करंतीते भणे जी । कांइ स्यूं
पूछो मुज तांय ॥ हाथी ले भाग्यो वाइनेजी । लावो छुडाइ जाय ॥ भ ॥ १२ ॥ सुणी
घबराया सहू जणा जी । दोड्या सुभट तत्काल ॥ किण दिसे गयो लेइने जी । चौकस
करे भूपाल ॥ भ ॥ १३ ॥ शस्त्र गृही घणा सूरमा जी । कांइ भाग्या नाग ने लार ॥
हाथें नहीं ते आवियो जी । गयो गिरी गहन मझार ॥ भ ॥ १४ ॥ सहू फिर पाछा
आविया जी । कहे नहीं आवे ते हाथ ॥ पतो न लागे किहां गयो जीं । किसो करा
हो नाथ ॥ भ ॥ १५ ॥ सुस्त हुई सहू बैठिया जी । राय राणी का झुरे नेण ॥
अहो लाडली तूं किहां गइ जी । कांइ झूरे सहू सेण ॥ भ ॥ १६ ॥ हा दैव यह किस्यो

१ हाथी

कियो जी । तूह्या कालजा मोय ॥ हा हा हिवे किस्यो करूंजी । इम राणी रही रोय ॥ भ ॥ १७ ॥ उर कुटे शिर भूहणे जी । पलक २ मुर छाय ॥ रंगने मांही भंग हुयो जी । कांइ सहू रह्या विलखाय ॥ भ ॥ १८ ॥ ख्याल तमाशा बंध हुया जी । कांइ जे सुणे ते करे सोग ॥ सहूजन गया पुरविषेजी । मोह ए मोटो रोग ॥ भ ॥ १९ ॥ राय समजाइ राणी भणी जी । कांइ आर्त कियां किस्यो होय ॥ जीवती हुइ तो मंगावस्युं जी । उद्यमथी तस जोय ॥ भ ॥ २० ॥ इत्यादी बचने करी जी । कांइ राणी समजाइ राय ॥ अमोल ढाल दूजी कही जी । श्रीधर मदन जणाय ॥ भ ॥ २१ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ राय मंत्री दोनों मिली । उंडो करे विचार ॥ किण उपाय थकी लगे । बाइ तणो समाचार ॥ १ ॥ ले गयो ते जीवती । नहीं भक्षेते तन । आगे कहीं न्हाखी दइ । तो ते भटकसी वन ॥ २ ॥ प्रधान कहे पिटाइये । डंडेरो पुर मांय । जो कोइ लासी बाइ ने । देशी तस परणाय ॥ ३ ॥ काम नहीं कायर तणो । लासी को पुण्यवंत ॥ जीवती होसी तो तसे । करदेशा तस कंत ॥ ४ ॥ लालच वस जामी घणा । लासी पनो लगाय ॥ कला सुणी सचिव की । गइ राय मन भाय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ३ जी ॥ वीर सुणो मोरी वीनती ॥ यह ॥ सुणी वयण राय हर्षिया । ततक्षण हो कहे भट ने बुलाय ॥ पडह बजावो पुर विषे । जे जाइ हो राय कुँवरी लाय ॥ सु ॥ १ ॥ तेहने तेह परणाव सी । वली देशी होतस द्रव्य अपार ॥ भट

चट बचन चडायने । पडह पीट्यो हो ते पुर ने मझार ॥ सु ॥ सुणी ने केइ चालिया । जोवाने हो ते राजकुँवार ॥ चउदिश माहे फिर्या घणा । नहीं मिल्या थी हो आइ रह्या निज द्वार ॥ सु ॥ ३ ॥ तब स्वपन माय मुज भणी । कुलदेवी हो कहे बीडो तूं साय ॥ राजपुत्रीने लेववा । तूं तो जाजे हो कजली वन मांय ॥ सु ॥ ४ ॥ ते तो मिलसी तुज भणी । सुखी होसो हो प्रकट्या तुम पुण्य ॥ जाग्यो जणायो मैं तातानें । आज्ञादी हो करो काम निपुण ॥ सु ॥ ५ ॥ राजाजी पासे जइ ने । मैं कह्यो हो लावूं राजकुँवार ॥ ते कहे शीघ्र पधारिये । काम हुया हो करस्युं कह्या अनुसार ॥ सु ॥ नाम ठाम नौंधी लिया । हूं चाल्यो हो हुइ मन हुल्लास ॥ कजली वनने पूंछतो । हूं पहूं तो गजारण्या पास ॥ सु ॥ ७ ॥ ग्राम एक आयो तिहां । हूं रहियो हो भोजनने काम ॥ पूंछ्यो कोइक भीलथी । कजली वन हो कहो छे किण ठाम ॥ सु ॥ ८ ॥ ते कहे इहां थी उतरे । एक जोजन हो रेवानदी आय ॥ तेहना पल्ला कांठा पे । जे झाडी हो कजली वन ते कहाय ॥ सु ॥ ९ ॥ किम पूछ्यो तस नामने । मैं कह्यो हो मुज जावो छे त्यांय ॥ ते कहे तुम भोला हुया । मरण मुख हो किम करी जवाय ॥ सु ॥ १० ॥ जे नर नदी लंघिया । ते न आया हो फिरने पाछा घेर ॥ फिर पाछा जावो घरे । जो चावो हो तनने खेर ॥ सु ॥ ११ ॥ फिर मैं पूछ्यो तेहने । गज वेंचे हो वैपारी लाय ॥ इणही वन थी मैं सुण्या ॥ विन

गया हो किम हाथे आय ॥ सु ॥ १२ ॥ ते कहे उपाय सांभलो । जिम पकडा हो हम
ए गजराज ॥ जावां नही पेले कंठे । एले तीरे हो रही करा काज ॥ सु ॥ १३ ॥ फील
सरीर थी अधिक त्या । खोदा हो एक उंडीखाड ॥ तेहने ऊपर पाथरा । फतलीचीमट
हो वंश तणीज फाड ॥ सु ॥ १४ ॥ चारो हरीयो तिण परे । लगाइ हो करां हथणी
तैयार ॥ कागद तणी सुहामणी । उभी करां हो खाड पे ते वार ॥ सु ॥ १५ ॥
टोली आवे गज तणी । तिण नद पे हो जल पीवा काज ॥ केली करे बहुविध तिहां ।
एली तीरे हो देखे हम साज ॥ सु ॥ १६ ॥ कोइक गज मदमें छक्यो । ते जाणे हो चरे
कुंजरी एह ॥ पडे आइ तिण ऊपरे । ते खाडमें हो पेठे तत्क्षेव ॥ सु ॥ १७ ॥ एक
पक्ष पड्यो रहे । क्षुधा त्रषाय अति दुर्बल थाय ॥ तब हम नेडा जाइने । थोडो २ हो तस
चारो चराय ॥ सु ॥ १८ ॥ वस करां जोग उपाय थी । ते हमसे हो जब सेंदो थाय ॥ तब
आगल भूं खोदने । हम कहाडा हो ते हम लारे आय ॥ सु ॥ १९ ॥ सांकल दंडथी बांधने
। लावां हो इण ग्रामरे मांय ॥ सेंदो करां सहू नर थकी । इक्षु दिक हो मधु अहार कराय
॥ सु ॥ २० ॥ जोगो होय ते वेंचवा । जाइ वेंचा हो ले मूं माग्या दाम ॥ यह आजीविका
हम तणी । ते करवा हो किम हुइ तुम हाम ॥ सु ॥ २१ ॥ हम चेतवां हित भणी । तिहां
जावा हो मत करो उमंग ॥ इछा जो गज वैपारकी । तो रहीजे हो तुम म्हारे जी संग ॥

१ हाथी

२ हथणी

सु ॥ २२ ॥ इम समजाइ बहु विधे । ने गयो हो कोइ काम के काज ॥ ढाल तीजी खन्ड सात की । कहे अमोलिक हो जोवो पुण्य का साज ॥ सु ॥ २३ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ सुणी वचन ते मीलका । चमक्यो चित मझार ॥ संकल्प विकल्प मन हुवो । जमे न एक विचार ॥ १ ॥ निश्चय कीनो मन थकी । मरणो छे एक वार ॥ धारी काज जे निकल्या । जीवता पाडणो पार ॥ २ ॥ खाली तो हिवे मुज थकी । म्हारे घर न जवाय ॥ हिम्मते मदत दैव की । साची ए जनवाय ॥ ३ ॥ होणहार जे होवसी । करस्यूं बुद्धी उपाय ॥ इम चिंती शीघ्र चालियो । साहस धर बन मांय ॥ ४ ॥ आयो रेवा नद तटे । पेख्यो द्रष्ट लगाय ॥ मोटा परवत सरीखा । मयगल टोला देखाय ॥ ५ ॥ ❀ ॥ ढाल ४ थी ॥ मनडो मो होजी महावीर श्वामी म्हाने दर्शन दइदो जी ॥ यह ॥ बीतक सुणजोजी मदनेश्वर महारो हो तब जो जो जी ॥ बीतक ॥ आं ॥ रेवातट एक वटवृक्ष बर । पहले किनारे पेखीजी ॥ तीरी नीर आइ चढियो तिणपे । गहरो देखी जी ॥ बीत ॥ १ ॥ गज वृंद देख विचार करूं मन । कीजे किस्यो उपायो जी ॥ जो देखे कोइ फील मुजे तो । कालज आयो जी ॥ बीत ॥ २ ॥ कार्य म्हारो इणही वन में । फिरिया थी सिद्ध न थावे जी ॥ जीवती मूइ राजरी कन्या । द्रष्टी आवेजी ॥ बीत ॥ ३ ॥ वृक्ष घणा छे इण वन मांही । गया थी नहीं ओलखाइ जी ॥ झड रूप हूं बणी चढूं तो । कारज थाइजी ॥ बीत ॥

४ ॥ इम चिंती ग्रही बड की डाली । मोटी छोटी तोडी जी ॥ सर्व शरीर ने बांधी लीधी । पतीया चोंडी जी ॥ बीत ॥ ५ ॥ झामर झूमर होइने उतर्यो । धीरे २ चाल्यो जी ॥ चकोर निजरे चउ दिश जोतो । गज आवे हाल्यो जी ॥ बीत ॥ ६ ॥ जो देखूं कोइ दंती आतो । तो तिहांहीं स्थिर रेवुंजी ॥ आगे गया थी आगे चालूं । डर दिल लेवुं जी ॥ बीत ॥ ७ ॥ इण पर बहुली भूम उलंघतो । एकगिरी तले आयोजी ॥ आगे अंजन गिरीने सरीखो । फील देखायो जी ॥ बीत ॥ ८ ॥ सात अंग तस भूमी ए लागा । घूमंतो वन फिरतो जी ॥ अन्य गज पासे ते नहीं जावे । झाडीमें सिरंतो जी ॥ बीत ॥ ९ ॥ तेहने स्कंन्ध वर निहाली । राय कुँवरीते वारो जी । विनोद भावे क्रीडा करता । दुःख न लगारो जी ॥ बीत ॥ १० ॥ मधुर सरस वन फल गज तोडी । सुंड थी तेहने आपे जी ॥ शीतल नीर निरझरणारो पावे । पृष्ठे स्थापे जी ॥ बीत ॥ ११ ॥ कदीक सूंडमें लेइ झुलावे । कदीक दंते ठावे जी ॥ इम बहुविध क्रीडा करावे । हँसे हँसावे जी ॥ बीत ॥ १२ ॥ मैं देखी घणो आश्चर्य पायो । ए जुड्यो केम सम्बन्धो जी ॥ गजकी प्रीत घणी कुँवरी पर । ए मोहणी धन्दो जी ॥ बीत ॥ १३ ॥ राज कन्या तो इहां छे सुखमें । किम आवे मुज लारे जी ॥ मुजने जाणी गजने चेता वे तो । ए मुज मारे जी ॥ बीत ॥ १४ ॥ जिण वस्तु काजे मैं आयो । ते तो मुजने पाइजी ॥ हिवे आगे करूं युक्ती

१ प्रवेश करे

कैसी । ज्यूं साथे आइजी ॥ बीत ॥ १५ ॥ रीतो तो नहीं जायो जावे । जे किया इत्ता उपाये जी ॥ इम हूं साथे फिरूं किहां लग ॥ जीव डर पावे जी ॥ बीत ॥ १६ ॥ पुरी[1] मंडल रवी आयो जाणी । बड नीचे गय आइजी ॥ घांस पान की सेजे सुतो । कन्या भूठाइजी ॥ बीत ॥ १७ ॥ राजपुत्री खेलणने लागी । कुंजरे निद्रा आइजी ॥ बात करणको अवसर जाणी । कंकरी बाइजी ॥ बीत ॥ १८ ॥ कन्या चमकी जोवे चउदिश । कोइ न द्रष्टी आवे जी ॥ हूं तो ऊभो झाडने रूपे । किम ओलखावे जी ॥ बीत ॥ १९ ॥ विचार करती पुष्पवतीने । आँखे आश्रू आया जी । ते देखी मुज मनडों हर्ष्यो । भेद ज पाया जी ॥ बीत ॥ २० ॥ ऊपर थी ए खुशी रहे छे । हाथी थी मन डरती जी ॥ पण मनडो तो लाग्यो कुटम्ब में । नेणा भरती जी ॥ बीत ॥ २१ ॥ हिवे इणरो हूं दुःख गमावुं । इम मन मांही विचारी जी ॥ वृक्षरूप तजीने चडियो । बड पे ते वारीजी ॥ बीत ॥ २२ ॥ शाखपत्रनी आडे छिपियो । पत्र लिखीने न्हाखी जी ॥ लिखित पत्र देखी कुँवरी हुइ । हाकी बाकीजी ॥ बीत ॥ २३ ॥ आश्चर्य पाइ लियो उठाइ ! किहांथी उड ए आइजी ॥ नर विना कुण चित्रे अक्षर । उपयोग लगाइजी ॥ बीत ॥ २४ ॥ बांचण लागी हुइ अति आतुर । ढाल चतुर्थी मांहीजी ॥ सप्त खन्डनी आगे बीतक । अमोल सुणाइजी ॥ बीतक ॥ २५ ॥ ❀ ॥ दोहा ॥ हूं अतिकष्ट सही करी । तुमने लेवण काम ॥ आयो नृपनो मोकल्यो

१ दो पहर

